www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper
bharatsamvad.live

2 डॉ. अंबेडकर: दलितों की आवाज से शाश्वत मानव मूल्यों तक

ई-रिक्शा लूट का आरोपी गिरफ्तार 04

वर्ष :08 | अंक :292 | मुंबई ,सोमवार , 14 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

बिजनौर में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो भाइयों की मौत

बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से दो भाइयों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। स्योहारा थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम गांव गोवर्धनपुर निवासी महेन्द्र (40) अपने छोटे भाई भूपेन्द्र (30) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर खेत से घर लौट रहा था, तभी सुल्तानपुर के सामने तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं: दिल्ली उच्च न्यायालय

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं है, ऐसा करने वालों पर रोक लगाई जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर ऐसे अवैध बोरवेल बंद नहीं किए गए, तो दिल्ली को कुछ साल पहले दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में बने हालात जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जहां पानी के लिए हाहाकार मच गया था। मुख्य न्यायाधीश डी. के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने नौ अप्रैल को कहा, किसी तरह की रोक लगाने की जरूरत है। अवैध बोरवेल जिस तरह से जल स्तर को कम कर रहे हैं, वह किसी पाप से कम नहीं है। क्या आप जानते हैं कि जोहानिसबर्ग में क्या हुआ था? कुछ साल पहले शहर में कई महीनों तक पानी नहीं था। उन्हें बड़े जल संकट का सामना करना पड़ा। क्या आप चाहते हैं कि दिल्ली में भी ऐसी स्थिति आए? अदालत ने नगर निगम अधिकारियों से सवाल किया कि वे निर्माण कार्यों के लिए बोरवेल की अनुमति कैसे दे सकते हैं। अदालत वकील सुनील कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि रोशनआरा इलाके में गोयनका रोड पर एक निमार्णाधीन इमारत में कई बोरवेल या सबमर्सिबल पंप अवैध रूप से लगाए गए हैं। याचिका में इन्हें हटाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन में जवाब दिया है कि इमारत में छह बोरवेल लगे हुए पाए गए। शर्मा ने कहा कि जबकि दरियागंज के एसडीएम ने आरटीआई आवेदन में जवाब दिया है कि इमारत में तीन बोरवेल पाए गए, जिन्हें सील कर दिया गया है।

जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को देश का नमन

राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ,राहुल गांधी समेत बड़े नेताओं ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि

पंजाब के जालियांवाला बाग में आज के ही दिन साल 1919 में ब्रिटिश सैनिकों ने निहत्थे भारतीयों की भीड़ पर गोलियां चलाई थी.

एजेंसी

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम बड़े नेताओं ने रविवार को जलियांवाला बाग के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी. पीएम मोदी ने इसे भारत के इतिहास का एक 'काला अध्याय' और देश के स्वतंत्रता संग्राम में एक 'बड़ा मोड़' बताया.राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, 'जलियांवाला बाग में भारत माता के लिए मर मिटने वाले सभी स्वाधीनता सेनानियों को मैं सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं. उनके बलिदान से हमारे स्वाधीनता संग्राम की धारा और प्रबल हो गई थी. कृतज्ञ भारत सदैव उनका ऋणी रहेगा. मुझे विश्वास है कि उन अमर बलिदानियों से प्रेरणा लेकर सभी देशवासी भारत की प्रगति में पूरे तन-मन-धन से अपना योगदान देते रहेंगे.' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, 'जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक काला अध्याय है जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया. अमानवीयता की पराकाष्ठा पर पहुंच चुकी ब्रिटिश हुकूमत की क्रूरता से देशवासियों में जो आक्रोश पैदा हुआ, उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन के संघर्ष में बदल दिया।

राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा

जलियांवाला बाग में भारत माता के लिए मरमिटने वाले सभी स्वाधीनता सेनानियों को मैं सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके बलिदान से हमारे स्वाधीनता संग्राम की धारा और प्रबल हो गई थी। कृतज्ञ भारत सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि उन अमर बलिदानियों से प्रेरणा लेकर सभी

देशवासी भारत की प्रगति में पूरे तन-मन-धन से अपना योगदान देते रहेंगे।

एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, 'हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं. आने वाली पीढ़ियां उनकी अदम्य भावना को हमेशा याद रखेंगी. यह वास्तव में हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय था. उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़ा मोड़ बन गया.'कई अन्य नेताओं ने भी ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान 13 अप्रैल, 1919 को हुए क्रूर नरसंहार के पीड़ितों और उसके प्रभावों को याद किया.



सांची और एनडीडीबी के बीच एमओयू , सहकारी समितियां चलाएंगी पेट्रोल पंप, बांटेगी गैस

केंद्रीय मंत्री अमित शाह भोपाल पहुंचे. यहां सांची और एनडीडीबी के बीच एमओयू साइन हुआ

अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन होता है. यह देश का 9 फीसदी है, लेकिन इसमें से सहकारी डेयरी में 1 फीसदी से कम है. मध्य प्रदेश दुग्ध संघ को अनुबंध के साथ आगे बढ़ना है. लक्ष्य बताया गया कि 24 लाख लीटर दुग्ध उत्पादन को ले जाएंगे. जब किसान अपना दूध ओपन बाजार में बेचने जाता है

एजेंसी

भोपाल: केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नेशनल डेयरी विकास बोर्ड और मध्य प्रदेश डेयरी फेडरेशन के बीच एमओयू साइन हुआ. एमओयू के लिए एनडीडीबी के अध्यक्ष विनेश शाह मौजूद थे. अब प्रदेश में सांची दुग्ध संघ का संचालन नेशनल डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किया जाएगा. भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में कृषि, डेयरी और सहकारिता के क्षेत्र में काफी संभावनाएं मौजूद हैं. उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस एमओयू के बाद 25 लाख लीटर दुग्ध प्रतिदिन उत्पादन का लक्ष्य रखा है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री और एनडीडीबी के अधिकारियों के साथ बैठकर नए सिरे से लक्ष्य बनाने चाहिए.अभी 17 फीसदी गांवों में ही दूध के कलेक्शन की व्यवस्था है. इस अनुबंध से 83 फीसदी गांवों तक पहुंचने का रास्ता खुल गया है. प्रदेश में शहरी दूध की मांग ही 1 करोड़ 20 लाख लीटर प्रतिदिन है. अगले 5 साल में 50 फीसदी गांवों में सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य रखें।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश का दुग्ध उत्पादन अभी 9 फीसदी है. इसके बढ़ाकर 20 फीसदी करना है. मध्य प्रदेश में कृषि विकास दर के लिए देश में अलग पहचान बनी है. पशुपालन के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश बेहतर काम करेगी. आने वाले समय में मध्य प्रदेश सरकार किसानों से गाय का दूध खरीदेगी

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने छात्रों से लगवाए जय श्री राम के नारे, विवाद खड़ा हुआ

एजेंसी

मदुरै: तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल, मदुरै के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि ने छात्रों से जय श्री राम का नारा लगाने को कहा। उन्होंने छात्रों से यह अपील कम्ब रामायणम लिखने वाले एक प्राचीन कवि को सम्मान देने के लिए की थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया।वीडियो में छात्रों को रवि के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। छात्रों से नारे लगवाने से पहले रवि ने कहा, 'इस दिन, हम श्री राम के महान भक्त को श्रद्धांजलि देते हैं। मैं कहूंगा और आप कहेंगे जय श्री राम।' राज्यपाल रवि की टिप्पणी सत्तारूढ़ डीएमके को पसंद नहीं आई और उन्होंने उनकी आलोचना की और उन्हें आरएसएस का प्रवक्ता भी कहा। कांग्रेस विधायक आसन मौलाना ने राज्यपाल रवि की जय श्री राम की बात की आलोचना की और कहा कि वे एक धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं जो एक धार्मिक विचारधारा को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा, 'वे इस देश के सर्वोच्च पदों में से एक हैं। वे एक धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं, जो इस देश के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। भारत में विविध धर्म, विविध भाषाएँ और विविध समुदाय हैं। राज्यपाल छात्रों से जय श्री राम का नारा लगाने के लिए कहते रहते हैं। यह असमानता को बढ़ावा दे रहा है। यह किसी धार्मिक विचारधारा को बढ़ावा दे रहा है, जो राज्यपाल को नहीं करना चाहिए था। वे आरएसएस और भाजपा के प्रचार मास्टर बन गए हैं।'आरएन रवि की टिप्पणी पर विवाद तब शुरू हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल की खिंचाई की, जिसमें राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को रोकने के उनके फैसले को 'अवैध' करार दिया गया।

वीडियो में छात्रों को रवि के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। छात्रों से नारे लगवाने से पहले रवि ने कहा, 'इस दिन, हम श्री राम के महान भक्त को श्रद्धांजलि देते हैं। मैं कहूंगा और आप कहेंगे जय श्री राम।' राज्यपाल रवि की टिप्पणी सत्तारूढ़ डीएमके को पसंद नहीं आई और उन्होंने उनकी आलोचना की और उन्हें आरएसएस का प्रवक्ता भी कहा।

मुर्शिदाबाद हिंसा: धुलियान से भागकर मालदा पहुंचे कई हिन्दू परिवार, स्कूल में ली शरण

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को इस घटना के कुछ वीडियो शेयर किए और ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'धर्मांध कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से अधिक हिंदू नदी पार कर पार लालपुर हाई स्कूल, देवनापुर-सोवापुर जीपी, बैसनबनगर, मालदा में शरण लेने को मजबूर हुए। बंगाल में धार्मिक उत्पीड़न वास्तविक है।'

एजेंसी

पश्चिम बंगाल , पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अब तनावपूर्ण शांति है। पिछले कुछ दिनों में राज्य के इलाकों में हुई हिंसा के कारण कई लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से ज्यादा हिंदू पलायन कर मालदा चले गए हैं। सभी हिंदुओं ने लालपुर हाई स्कूल में शरण ली है। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को इस घटना के कुछ वीडियो शेयर किए और ममता सरकार पर तीखा हमला बोला।

प्रताप सिंह बाजवा के 50 ग्रेनेड के दावे से पंजाब में दहशत, पुलिस हुई अलर्ट

एजेंसी

पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने एक निजी पंजाबी चैनल को दिए इंटरव्यू में दावा किया कि राज्य में 50 ग्रेनेड आए हैं, जिससे राज्य में दहशत फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पंजाब पुलिस की एक टीम रविवार को पूछताछ के लिए उनके घर पहुंची। इतना ही नहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस मामले पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए हैं और बाजवा से इसके स्रोत का खुलासा करने की भी मांग की है। कांग्रेस नेता बाजवा ने एक टीवी साक्षात्कार में दावा किया था कि राज्य में 50 ग्रेनेड आए हैं, जिनमें से 18 का इस्तेमाल किया जा चुका है और 32 का पता नहीं चल पाया है। बाजवा ने एएनआई को बताया कि मैंने एक टीवी चैनल को बयान दिया है कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं।



आरोप | **बीजेपी ने लगाई फटकार**

आतिशी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और उनके पति पर लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी एक बार फिर आमने-सामने आ गई है। दरअसल, शनिवार को आप नेता आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति पर दिल्ली सरकार को अनौपचारिक तरीके से चलाने का आरोप लगाया। आतिशी के इस दावे पर विवाद खड़ा हो गया, जिस पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें फटकार लगाई। आतिशी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दिल्ली की मुख्यमंत्री के पति मनीष गुप्ता की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'इस तस्वीर को ध्यान से देखिए। एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसआईबी अधिकारियों की बैठक लेने वाले व्यक्ति मनीष गुप्ता हैं, जो दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति हैं।' ग्रामीण शासन व्यवस्था से इस स्थिति की तुलना करते हुए आतिशी ने लिखा, 'पहले हम सुनते थे कि अगर गांव में महिला सरपंच चुनी जाती है, तो सारा सरकारी काम उसका पति संभालेगा। कहा जाता था कि गांव की महिलाओं को सरकारी काम नहीं आता, इसलिए काम 'सरपंच-पति' संभालेंगे। लेकिन शायद देश के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई महिला मुख्यमंत्री बनी है और सारा सरकारी काम उसका पति संभाल रहा है।' भाजपा ने तुरंत आतिशी के आरोपों पर पलटवार किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने का आरोप लगाया और रेखा गुप्ता के राजनीतिक सफर का बचाव किया। सचदेवा ने कहा, 'आतिशी खुद एक महिला हैं, यह आश्चर्यजनक है कि आप एक अन्य महिला नेता का अपमान कर रही हैं। रेखा गुप्ता ने डूसू सचिव से लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया है। उनके पति का उनका समर्थन करना न तो गैरकानूनी है और न ही अनैतिक।' सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के भीतर की घटनाओं का भी हवाला दिया, खास तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद सीएम कार्यालय से जनता को संबोधित करने का जिक्र किया। उन्होंने पूछा, 'क्या यह लोकतंत्र का अपमान नहीं था?' रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता दिल्ली के व्यवसायी हैं। रेखा गुप्ता द्वारा चुनाव आयोग को सौंपे गए हलफनामे के अनुसार पेशे से व्यापारी मनीष गुप्ता की फर्म का नाम निकुंज एंटरप्राइजेज है।

सम्पादकीय

विश्व अर्थव्यवस्था को अस्थिर करते ट्रंप, भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए बदलनी होगी रणनीति

भारत सरकार को भी आगे बढ़कर अमेरिका से कोई ऐसा व्यापार समझौता कर लेना चाहिए जिससे भारत उस अस्थिरता से बचा रहे जो ट्रंप की टैरिफ नीति के चलते देखने को मिल रही है। अमेरिका से व्यापार समझौते को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयान तो आए हैं लेकिन यह कहना कठिन है कि ऐसा कोई समझौता 90 दिनों के अंदर हो जाएगा। अमेरिका में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभाली थी, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि वह राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कुछ ऐसे कदम उठाएंगे, जो विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगे। पहले उन्होंने तमाम सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, फिर यूएसएड के तहत दी जाने वाली सहायता रोकी ।इससे अमेरिका में चल रही फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार का पता चला। इसके बाद उन्होंने विभिन्न देशों पर टैरिफ यानी आयात शुल्क लगाना शुरू किया। पहले उन्होंने कनाडा, मेक्सिको, चीन पर टैरिफ बढाया, फिर भारत समेत बाकी सब देशों पर। बढ़ी हुई टैरिफ दरें नौ अप्रैल से लागू करने की घोषणा कर उन्होंने विश्व अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मचा दी ।उन्होंने किसी देश पर 10 तो किसी पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया। उनके इस मनमाने फैसले के जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर टैरिफ बढ़ा दिया। इस पर ट्रंप ने चीन पर टैरिफ और बढ़ा दिया। इसी के साथ बाकी देशों पर लगाए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित करते हुए सभी को 10 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में ले आए। टैरिफ को लेकर अमेरिका-चीन के बीच वार-पलटवार का बचकाना और हास्यास्पद सिलसिला अब भी कायम है ।टैरिफ पर 90 दिनों की राहत के ट्रंप के फैसले के पहले ही दुनिया भर के शेयर बाजार लडखड़ा चुके थे। ट्रंप की मानें तो तमाम देशों ने टैरिफ पर उनसे बात करने की गुहार लगाई है। वह जहां अन्य देशों से टैरिफ पर बात करने को तैयार दिख रहे, वहीं चीन को सबक सिखाने पर आमादा हैं, लेकिन अब चीन एक बड़ी आर्थिक ताकत बन चुका है ।उसका सामान अमेरिका समेत दुनिया भर में निर्यात होता है। इसीलिए उसे विश्व का कारखाना कहा जाता है। यह हैरानी की बात है कि ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमिरका में श्रम का महंगा होना थाखुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, जो बाहर चले गए थे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है ।कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले मंहगी होंगी।

आज का विचार



मेष राशिः आपके लिए कड़ी मेहनत वाला होगा. साझेदारी में काम करने से आप अपने बिजनेस को और आगे ले जा सकेंगे. आप अपनी जिम्मेदारियां समय से निभाएं. सहकारिता का भाव आपके मन में रहेगा. सबको साथ लेकर चलने की आप पूरी कोशिश करेंगे.

वृषभ राशिः आपके लिए लाभदायक रहने वाला है. कारोबार में आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होगा. आपकी मेहनत की राह में आपके कुछ विरोधी कांटे बो सकते हैं, लेकिन फिर भी आप मेहनत रंग लाएगी.

मिथुन राशिः आपको बुद्धि व विवेक से काम लेना होगा. शैक्षिक गतिविधियों में आप आगे रहेंगे. परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताते हुए पुरानी यादें ताजा करेंगे. जीवनसाथी के लिए आप एक उपहार लेकर आ सकते हैं, बजट का ध्यान रखें.

कर्क राशिः आप कोई भी काम जल्दबाजी में न करें. आपको किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है. घरेलू मामलों में आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह ना लें. सेहत के मामले में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है. आपके करीबियों से आपका प्रेम और विश्वास बढ़ेगा.

सिंह राशिः आपके लिए प्रसन्नता भरा रहेगा. आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. सामाजिक प्रयासों को बल मिलेगा. कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. आप किसी पर भरोसा ना करें. भाई-बंधुओं का आपको पूरा साथ मिलेगा.

कन्या राशिः आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है. आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होंगे. आपके जीवनशैली में भी सुधार आएगा. आपके महत्वपूर्ण मामले गति पकड़ सकते हैं. परिवार में यदि किसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था, तो वह दूर होगा. आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आए, नहीं तो कोई लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है.

तुला राशि : आपके कला कौशल में सुधार लेकर आएगा. किसी बड़े लक्ष्य पर पूरा फोकस कर पाएंगे. आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी. रचनात्मक कार्य में आप अच्छी सोच कर लाभ उठाएंगे. आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है.

वृश्चिक राशि : आप बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे. पुण्य कार्यों में आप बढ चढ़कर हिस्सा लेंगे. अपने धन का कुछ हिस्सा दान पुण्य के कार्य में भी लगाएंगे. वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएंगी. व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा. आपको अपनी आय से बढ़कर धन व्यय करने से बचना होगा. अन्यथा धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है.

धनु राशिः दिन लाभदायक रहने वाला है. व्यापार में आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपको नुकसान होने की भी संभावना बनती दिख रही है. आपने यदि पहले किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको मिल सकता है. करियर में आपको कोई अच्छा अवसर मिलने की पूरी संभावना बनते दिख रही है. प्रतियोगी परीक्षा में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

मकर राशि : आपके लिए शासन व सत्ता का पूरा लाभ लेकर आएगा. आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलती दिख रही है. आप अपने कामों में जिम्मेदारी से आगे बढ़े, तो आपके लिए बेहतर रहेगा.

कुंभ राशिः आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है. यदि आपने किसी नए काम की शुरूआत भाग्य के भरोसे करेंगे, तो उसमें भी आपको सफलता अवश्य मिलेगी. विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे. आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी.

मीन राशिः व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने परिजनों की सलाह पर चलकर अच्छा लाभ कमाएंगे. व्यक्तिगत संबंधों में आपका विश्वास बना रहेगा.

ज्योतिष सेवा केन्द्र
ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

डॉ. अंबेडकर: दलितों की आवाज से शाश्वत मानव मूल्यों तक

लोग जब मुझे समझ पाएंगे, तब मैं जीवित न रहूं : डॉ भीमराव अंबेडकर

> **भारतीय समाज और सभ्यता का अतीत बड़ा शानदार रहा है, लेकिन उसमें अनेक कलंक भी हैं, प्राचीन हिंदुस्तानी अंग्रेज, मुस्लिम और राजाओं द्वारा मनुष्य को गुलाम रखने की प्रथा थी। इन गुलामों का सामाजिक आर्थिक शोषण की परंपरा भी विद्यमान थी। भारतीय परंपरा में सबसे बड़ा कलंक अस्पृश्यता अथवा छुआछूत की भी प्रथा चली आ रही थी। जोकि जाति प्रथा के पतन का परिणाम है। भारतीय संविधान द्वारा कानूनी तौर पर इस कलंकित प्रथा को समाप्त कर दिया गया है।**

अपने पिता राम जी की चौदहवीं संतान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू छावनी में हुआ था। उनकी माता का नाम भीमाबाई था। उस समय पिता रामजी सिपाही होते थे। रामजी सकपाल ने एक आदर्श पिता के रूप में विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पुत्र भीमराव को उच्च शिक्षा देने का संकल्प किया था। उसके अनुसार ही भीमराव भी आगे बढ़ते चले गए। उन्हें आभास हो गया था कि भीमराव भविष्य में भारत के इतिहास की महत्वपूर्ण कड़ी बनने जा रहा है। ।भारतीय समाज और सभ्यता का अतीत बड़ा शानदार रहा है, लेकिन उसमें अनेक कलंक भी हैं, प्राचीन हिंदुस्तानी अंग्रेज, मुस्लिम और राजाओं द्वारा मनुष्य को गुलाम रखने की प्रथा थी। इन गुलामों का सामाजिक आर्थिक शोषण की परंपरा भी विद्यमान थी। भारतीय परंपरा में सबसे बड़ा कलंक अस्पृश्यता अथवा छुआछूत की भी प्रथा चली आ रही थी। जोकि जाति प्रथा के पतन का परिणाम है। भारतीय संविधान द्वारा कानूनी तौर पर इस कलंकित प्रथा को समाप्त कर दिया गया है। इसमें हमारे संविधान के जनक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की भूमिका बहुत अहम रही है। वस्तुतः डॉक्टर अंबेडकर भारतीय समाज के शोषित दलित वर्ग के सबसे बड़े सशक्त प्रवक्ता रहे हैं। वे जीवन पर्यंत सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, और आर्थिक विषमताओं के विरुद्ध लड़ते रहे। विश्व का इतिहास गवाह है। कि जो वर्तमान की जमीन पर खड़ा होकर आने वाले कल के लिए जीता है। कल का रास्ता बताता है, उसका लोगों ने हर तरह से विरोध किया है। यहां यह भी सत्य है कि ऐसे समाज सुधारकों का जितना विरोध होता है। उतना ही शक्ति और गति से समाज सुधार के कार्य मूर्त रूप लेने लगते हैं। नए लोग इस विचारों से जुड़ने लगते हैं और कारवां आगे बढ़ता चला जाता है। इसी श्रृंखला के अग्रणी वीर महार जाति में जन्मे और देश के दलित वर्ग के मसीहा कहलाने वाले डॉक्टर अंबेडकर के जीवन यात्रा के विभिन्न आयाम दिखाई पड़ते हैं। समाज सुधारक के रूप में डॉक्टर अंबेडकर का दृढ़ निश्चय था, कि वे भारतीय समाज से अस्पृश्यता का कलंक मिटा कर ही दम लेंगे। छोटी जाति में उत्पन्न होने के कारण वे जीवन भर तिरस्कृत होते रहे थे। अस्पृश्यता निवारण हेतु उन्होंने अनेक ऊंचे पदों पर सेवारत होने का अवसर त्याग दिया। और सामाजिक तथा राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया। उन्होंने एक अवसर पर कहा है---- मैंने यह प्रण किया है कि मैं उन दबे कुचले लोगों की, जिनमें मैं उत्पन्न हुआ और पला बढा, और रह रहा हूं... इनकी सेवा करता हुआ ही मरूंगा! छुआछूत को समाप्त करना मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। डॉ. आंबेडकर हमेशा राजनीति को सामाजिक परिवर्तन के औजार के रूप में इस्तेमाल करने के पक्षधर रहे हैं। वह अच्छी तरीके से जानते थे कि यह तथ्य और विषय आज के परिवेश में कितना प्रासंगिक, तर्क पूर्ण और न्याय संगत है। जो लोग उन्हें सिर्फ दलितों का मसीहा और पिछड़ों का नेता मानते हैं उनके हृदय में गहराई तक देशभक्ति की भावना विकसित करना और क्षमता पूर्ण समाज के लिए उनका जीवन संघर्ष शाश्वत मानव मूल्यों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिज्ञाएं और कानून की अधुनातन विचार व्याख्या की अनूठी शैली डॉक्टर अंबेडकर के व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाती है। डॉक्टर अंबेडकर का आर्थिक दर्शन, भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों पर मानव अधिकारों की बड़ी स्पष्ट छाप है। जो कि मानव अधिकारों और देशकाल की सीमाओं से कहीं आगे है। भारत के बहुसंख्यक लोग अनेक शताब्दियों तक परतंत्र, विवश और गरीबी की मार से पीड़ित रहे। शिक्षा दीक्षा, खानपान, मान सम्मान, समानता से विरत रहना, और इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है। डॉक्टर अंबेडकर के लिए स्वतंत्रता संघर्ष मात्र राजनीतिक स्वतंत्रता का संघर्ष नहीं था वह उसे मानव अधिकारों का संघर्ष भी मानते थे। सामाजिक परिवर्तन का जो दौर डॉक्टर अंबेडकर के समय में प्रारंभ हुआ था वह अधिक दिनों तक जारी नहीं रह सका। संविधान सभा में डॉक्टर अंबेडकर बार-बार सामाजिक और आर्थिक विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाते रहे वे तो यहां तक कहते थे कि संविधान की रक्षा तभी संभव है जब इन विसंगतियों से हम पार पा सकें। संविधान के प्रणेता के रूप-- में स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु के मंत्रिमंडल में उन्हें कानून मंत्री बनाया गया। वे स्वतंत्र भारत के लिए बनाए जाने वाले संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भी बनाए गए। 19वीं सदी के शुरू में डॉक्टर अंबेडकर ने संविधान का प्रारूप तैयार करने का काम पूरा किया और उसे संविधान सभा में पेश कर दिया। नवंबर 1949 में कुछ संशोधनों सहित यह प्रारूप उस समय लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं जिनमें अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाया जा सके इस बारे में संवैधानिक अनुच्छेद 15, 16, 27, 46, 332 और 340 प्रमुख हैं। डॉक्टर अंबेडकर का यह मानना था कि परंपरागत धार्मिक मूल्यों का परित्याग किया जाना चाहिए और नए विचारों को अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने संविधान में उल्लिखित प्रावधानों में सभी के लिए समानता, एकता, सम्मान, स्वतंत्रता, अधिकारों और नागरिक अधिकारों पर विशेष जोर दिया। डॉक्टर अंबेडकर पत्रकार के रूप में -- इन्होंने 21 जनवरी 1920 को एक अखबार ₹मूकनायक₹ को सप्ताहिक अखबार के रूप में प्रारंभ किया। इस अखबार का उद्देश्य था भारत के दलित वर्ग की समस्याओं के हित के लिए संघर्ष करना। इस सप्ताह के प्रथम अंक के संपादकीय में उन्होंने लिखा -- ₹आज जितने भी समाचार पत्र मौजूद हैं, वह सब किसी ने किसी जाति के हितों की रक्षा में लगे हुए हैं। वह अन्य जातियों के हितों की ओर दृष्टिपात भी नहीं करते हैं। हमारा यह देश विषमताओं का मायका है। सत्ता और धन के अभाव में अब्राह्मण तथा दलित वर्ग प्रगति से वंचित हैं। गरीबी, अयोग्यता और असमानता ने विशाल दलित समाज को गहरे गर्त में डाल रखा है। ₹3 अप्रैल 1927 को डॉ अंबेडकर साहब ने एक अन्य अखबार पत्र शुरू किया इसका नाम था। ₹ बहिष्कृत भारत₹! डॉक्टर साहब ने नए सुधारों के परिप्रेक्ष्य में इस पत्र के माध्यम से दलित वर्गों की समस्याओं को सशक्त रूप से उठाया। डॉक्टर अंबेडकर ने इस पत्र के माध्यम से समाज से यह भी मांग की कि सारे मंदिर और जल स्रोतों पर अछूतों का प्रवेश हो और उन्हें उपयोग करने का अधिकार भी मिले। डॉक्टर अंबेडकर का ज्ञान अध्ययन अगाध था। वे विभिन्न विषयों के ज्ञाता थे। वे बड़ी मेहनत से आंकड़े इकट्ठा करते थे। तथ्यों और आंकड़ों के लिए उनकी स्मरण शक्ति भी गजब की थी! संघर्ष के उन दिनों में उन्हें उपेक्षा के उन कमजोर क्षणों में यह भी कहना पड़ गया था-- ₹अंततः लोग मुझे अभी समझ नहीं पाए हैं! और मुझे उपेक्षित दृष्टि से देखा जाता है। एक समय आएगा जब इस देश के लोग मुझे ठीक प्रकार समझ पाएंगे 'और सम्मान करेंगे'! लेकिन वह समय जब आएगा जब मैं जीवित नहीं रहूंगा।

जलवायु परिवर्तन, सांस के लिए हवा भी नही मिलेगी

संजीव ठाकुर

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़, अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं। विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया, लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन, रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।

अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी, तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील, गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष, मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है।

शिक्षा में प्रतिबद्धता के लिए एक कॉल

विजय गर्ग

शिक्षा में प्रतिबद्धता के लिए एक कॉल उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के साथ आंतरिक रूप से प्राथमिक स्तर पर रखी गई एक मजबूत नींव से बंधा हुआ है, वास्तविक परिवर्तन शिक्षकों को सशक्त बनाने और प्रेरित करने और नैतिक शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने में निहित है नई शिक्षा नीति एनईपी - 2020 का सफल कार्यान्वयन हर स्तर पर इसकी कुल स्वीकृति पर निर्भर करता है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण राज्य सरकारें हैं और फिर इसे जमीनी स्तर पर लागू करने वाले। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता और गुणवत्ता का स्तर व्यवस्थित रूप से प्राथमिक विद्यालय स्तर पर प्राप्त गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर निर्भर करता है और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक कायम रहता है। यह सबसे सरल समीकरण है, जो अखाड़े में काम करने वाले सभी लोगों के लिए स्पष्ट है। शिक्षा में, कोई भी शिक्षकों को उत्कृष्टता और नवाचारों की प्राप्ति के लिए सुरक्षित रूप से जिम्मेदार हो सकता है, और पेशेवर स्तर पर और व्यक्तिगत, भावनात्मक और सहानुभूति के स्तर पर उनके और शिक्षार्थी के बीच क्या होता है। यह व्यक्तिगत शिक्षक की कुल प्रतिबद्धता है, जो प्राथमिक विद्यालय से उच्चतम स्तर तक है, जो अकेले ही नीति के उद्देश्य और उद्देश्यपूर्ण कार्यान्वयन में सकारात्मक अंतर लाएगा ।स्कूली शिक्षा के साथ शुरूआत करते हुए, शिक्षा पर गंभीर ध्यान देने के माध्यम से अपने विनाश और अपमान को दूर करने वाले राष्ट्र के उदाहरण को याद करना सार्थक होगा। हहकक, तबाह, नष्ट और अपमानित होने के बाद, जापान ने अपने प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा को प्राथमिकता देकर और अपने शिक्षकों का सम्मान और समर्थन करके अपना पुनर्निर्माण शुरू किया। अधिकतम सीखने, मस्तिष्क विकास, और बड़े होने का सार वहाँ होता है। यदि कोई बच्चा सभी को समर्पित और प्रतिबद्ध कार्य संस्कृति के साथ देखता है, तो यह देखता है कि समय के अधिकतम उपयोग के लिए कितना मूल्य दिया जाता है, और अपने शिक्षकों को हमेशा प्रेरित आत्मविश्वास से भरा पाता है, राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता होने पर गर्व करता है, क्या वह कभी भी इन विशेषताओं में से किसी एक को भूल सकता है जब वह अपने समय के दृष्टिकोण के रूप में कुछ असाइनमेंट की बागडोर संभालता है? इसके विपरीत, एक शैक्षिक संस्थान में परिवर्तन के लिए एक अनिच्छुक, असंबद्ध, सुस्त दृष्टिकोण वास्तव में सभी संबंधितों के लिए हानिकारक हो सकता है ।दुर्भाग्य से, हम भारत में बहुत व्यापक पैमाने पर इस तरह के दृष्टिकोण से पीड़ित हैं। यह कई अन्य कारकों द्वारा समर्थित है। कुछ राज्य सरकारें ठएढ-2020 का विरोध कर रही हैं; उन्होंने शिक्षा की अपनी नीति बनाने के अपने इरादे की घोषणा की है। तकनीकी रूप से, वे ऐसा कर सकते हैं, लेकिन क्या यह राष्ट्र के बड़े कारण, इसकी प्रगति और विकास की सेवा करेगा? क्या यह युवा, संवेदनशील शिक्षार्थियों को उनके सामने सपनों के भार के साथ मदद करेगा? एनईपी-2020 एक अभूतपूर्व परामर्श का एक परिणाम है जिसमें सभी को भाग लेने का मौका मिला ।एकल, एकीकृत और एकजुट राष्ट्रीय इकाई के रूप में आगे बढ़ने की आवश्यकता शिक्षा की तेजी से बदलती दुनिया में एकमात्र विकल्प है, जो केवल ज्ञान समाज या यहां तक कि एक ज्ञान समाज से बहुत आगे बढ़ रहा है! यह अनुमान लगाना भी आसान नहीं है कि अगले दस वर्षों में शैक्षणिक परिदृश्य का आकार क्या होगा! एक तरफ, आईसीटी नई क्षमता में डालना जो सीखने के अवसरों और विकल्पों को बदल सकता है, और सदियों पुराने शिक्षक की प्रकृति को बहुत प्रभावित करता है - रिश्ते को सिखाया! दूसरी ओर, मानव प्रवास के कारण नई चिंताएं विकसित हो रही हैं, और परिणामस्वरूप जनसांख्यिकीय, सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन। यह आवश्यक रूप से धर्मों और धर्मों के अलावा शिक्षा, संस्कृति और मातृभाषा से संबंधित संवेदनशीलता को प्रभावित करेगा। एकल-मोडल स्थितियां कई देशों में बहु-मोडल में परिवर्तित हो रही हैं, और इसके लिए इसे संभालने के लिए एक नई रणनीति की आवश्यकता है।

बिग बॉस 18 कंटेस्टेंट गुणरत्न की राज ठाकरे को धमकी

बोले- किसी से भी भाषा के नाम पर मारपीट नहीं कर पाएंगे, गुंडागर्दी नहीं चलेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट और एडवोकेट गुणरत्न सदावर्ते ने हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के नेता राज ठाकरे को धमका दी है। गुणरत्न का कहना है कि राज ठाकरे और उनसे जुड़े लोग किसी को भी मराठी भाषा बोलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते।गुणरत्न ने राज ठाकरे को धमकी दीगुणरत्न ने कहा, 'राज ठाकरे और उनके जो लोग हैं, वह भाषा के नाम पर मजदूरों और बैंक कर्मियों को सता रहे हैं। भाषा की शक्ति और भाषा की मिठास पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनके लोग भाषा के नाम पर मारपीट कर रहे हैं। लोगों को अपमानित कर रहे हैं। जो महिलाएं मोबाइल कंपनियों में हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड्स से माफी मंगवा रहे हैं, थप्पड़ मार रहे हैं। ये कोई ब्रेवरी नहीं है। राज ठाकरे ने जो भाषण दिया था उसके बाद से उनके कार्यकर्ता मारपीट कर रहे हैं, इसकी हम निंदा करते हैं और हमने इसके खिलाफ पुलिस कंप्लेंट की है।'गुणरत्न ने कहा कि राज ठाकरे और उनके लोग किसी के भी साथ गुंडागर्दी नहीं कर सकते। हम चाहते हैं कि राज ठाकरे और उनके कार्यकताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए।दरअसल, राज ठाकरे ने बैंकों को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा थी कि महाराष्ट्र में बैंकों को मराठी भाषा का इस्तेमाल करना होगा, यह आरबीआई के नियम के अनुसार है।

निकाय चुनाव करीब आते ही कुछ लोगों को याद आते हैं मुंबई के लोग, एकनाथ शिंदे ने यूबीटी पर बोला हमला

महानगरपालिका चुनाव करीब आते ही कुछ लोगों को मुंबई की जनता की याद आने लगती है। मुंबई को महाराष्ट्र से तोड़कर अलग किया जाने वाला है। इस प्रकार की पुरानी कैसेट उनकी ओर से हमेशा बजाई जाती है। ऐसा कड़ा प्रहार शिवसेना के प्रमुख नेता व राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यूबीटी पर किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महानगरपालिका चुनाव करीब आते ही कुछ लोगों को मुंबई की जनता की याद आने लगती है। मुंबई को महाराष्ट्र से तोड़कर अलग किया जाने वाला है। इस प्रकार की पुरानी कैसेट उनकी ओर से हमेशा बजाई जाती है। ऐसा कड़ा प्रहार शिवसेना के प्रमुख नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यूबीटी पर किया है। मुंबई के यूबीटी, कांग्रेस, मनसे, राष्ट्रवादी शरद पवार गुट, आरपीआई, लोक जनशक्ति पार्टी, बंजारा समाज के सैकड़ों कार्यकताओं ने आज उप मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में प्रवेश किया। उस दौरान वे कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे।

शिंदे ने क्या कहा?

उप मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मुंबई के सालों से अधर में लटके पड़े पुनर्विकास प्रकल्पों के पीछे कौन है? यह बात ऐसे प्रकल्पों की गहराई में जाने पर समझ में आती है। चुनाव करीब आते ही कुछ लोग मुंबई को महाराष्ट्र से तोड़ा जाने वाला है, मुंबई को अलग किया जाने वाला है ।यह पुरानी कैसेट बजाते हैं। परंतु वोट बैंक की राजनीति न करते हुए पिछले ढाई वर्षों में महायुती ने मुंबई के लोगों का जीवनमान सही अर्थों में आसान करने का काम किया है। प्रशासन के माध्यम से अधूरे पड़े पुनर्विकास के प्रोजेक्टों को पूरा करने के मार्ग पर लाया गया। माता रमाबाई आंबेडकर नगर के 17 हजार परिवारों के घर की समस्या का समाधान निकाला गया है।

राज्य में काम कर रही डबल इंजन की सरकार

मुंबई से बाहर गये मुंबईकरों को फिर से मुंबई में लाया गया है। यह दावा करते हुए उप मुख्यमंत्री शिंदे ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महायुती सरकार के पीछे पूरी मजबूती से खड़े हैं। राज्य में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। हमें मुंबई की समस्या दूर करनी है। काम करने वाले लोगों के पीछे समाज हमेशा खड़ा रहता है। इसी वजह से पिछले ढाई वर्षों में शिवसेना में शामिल होने की होड़ मची हुई है।

मुंबई में शिवसेना और मजबूत हुई

उप मुख्यमंत्री शिंदे के जनकल्याणकारी और सभी के विकास की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर दक्षिण मुंबई अणुशक्ति नगर, चेंबूर, विक्रोली, गोरेगांव, आरे कॉलोनी के आदिवासी और पारधी समाज के लोगों ने आज शिवसेना में प्रवेश किया। जिसकी वजह से मुंबई में शिवसेना और मजबूत हुई है। यूबीटी के रवि आचारी, शिवसेना झोपड़पट्टी महासंघ के अध्यक्ष सुमीत वजाले अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शिवसेना में शामिल हो गये।

फास्ट ट्रैक

बांग्लादेश में पत्नी, भारत आकर शमीम ने अशोक बनकर सीमा से की शादी , फिर 24 साल बाद मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

- बांग्लादेशी नागरिक ने फर्जी भारतीय पासपोर्ट से यात्रा की
- इमिग्रेशन अधिकारियों की सजगता से गिरफ्तारी हुई
- पुलिस को बड़े नेटवर्क के लिंक की आशंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। इमिग्रेशन अधिकारियों की सजगता से एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद शमीम मोहम्मद सत्तार को फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ बांग्लादेश जाने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया।शमीम 2002 से गुजरात के वडोदरा में रह रहा था और खुद को भारतीय नागरिक 'अजय दिलीपभाई चौधरी' के नाम से पेश करता था। शुरूआती पूछताछ में वह अपनी पहचान और दस्तावेजों को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद सहार पुलिस (मुंबई) को सूचना दी गई।

2002 में भारत आकर बसा

पुलिस जांच में पता चला कि शमीम मूल रूप से बांग्लादेश का निवासी है, जिसने पहले सिंगापुर में काम के दौरान एक भारतीय महिला संगीता चौहान से शादी की थी। 1995 में हुई इस शादी के बाद वह 2002 में भारत आया और वडोदरा में बस गया। अपनी पत्नी संगीता की मदद से उसने फर्जी दस्तावेज बनवाए और अहमदाबाद पासपोर्ट कार्यालय से अजयभाई दिलीपभाई चौधरी के नाम से भारतीय पासपोर्ट भी हासिल कर लिया।

कर चुका है कई विदेश यात्राएं

इस फर्जी पासपोर्ट के जरिए शमीम कई बार विदेश यात्रा कर चुका है, जिसमें बांग्लादेश की यात्राएं भी शामिल हैं। जब इमिग्रेशन अधिकारियों ने शमीम से उसकी बांग्लादेश यात्रा को लेकर सवाल किए, तो वह भ्रमित हो गया और सही जवाब नहीं दे सका। संदेह गहराने पर जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने अपनी असली पहचान और बांग्लादेशी नागरिक होने की बात स्वीकार कर ली।

सिंगापुर से आया भारत

शमीम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसने 1992 में बांग्लादेशी महिला तस्लीमा से भी शादी की थी और फिर सिंगापुर में रोजगार के लिए चला गया। मुंबई पुलिस अब शमीम के बैकग्राउंड की विस्तृत जांच कर रही है। उसकी भारतीय पत्नी संगीता की भूमिका भी संदेह के घेरे में है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी हो सकती है।

पुलिस को नेटवर्क के लिंक की आशंका

इमिग्रेशन अधिकारी राजीव रंजन कुमार यादव की शिकायत के आधार पर शमीम के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से पासपोर्ट प्राप्त करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुटी है कि कहीं यह मामला किसी बड़े नेटवर्क से तो जुड़ा नहीं है।

महाराष्ट्र में 12 साल की बच्ची का अपहरण, रेप और फिर हत्या...

आरोपी विशाल गावली ने जेल के टॉयलेट में किया सुसाइड

विशाल गावली नाम के एक शख्स पर एक नाबालिग लड़की को किडनैप करने, रेप करने और फिर उसकी हत्या करने का आरोप था। खबर है कि उसने नवी मुंबई के तलोजा सेंट्रल जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ये घटना रविवार की सुबह हुई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याणः महाराष्ट्र के कल्याण में एक नाबालिग लड़की के अपहरण, बलात्कार और हत्या के आरोपी विशाल गावली ने नवी मुंबई के तलोजा सेंट्रल जेल में आत्महत्या कर ली। खारघर पुलिस ने घटना की पुष्टि की है और आगे की जांच जारी है। विशाल गावली को जेल के शौचालय में फांसी पर लटका पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ये घटना रविवार की सुबह हुई। पुलिस ने गावली के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेज दिया है। खारघर पुलिस स्टेशन इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गावली की उम्र 35 साल थी। सुबह करीब 3.30 बजे जेल के टॉयलेट में लटका हुआ मिला।एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि गावली टॉयलेट गया और वहां उसने एक तौलिये का इस्तेमाल करके फांसी लगा ली। जेल के अधिकारियों को बाद में उसका शव मिला। पुलिस को तुरंत इस घटना की जानकारी दी गई। मौके पर ही पंचनामा किया गया। अधिकारी ने बताया कि बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा गया है ताकि मौत की असली वजह पता चल सके।

2024 का मामला

बता दें कि विशाल गावली पर आरोप था कि उसने दिसंबर 2024 में कल्याण इलाके में एक 12 साल की बच्ची के साथ रेप किया और फिर उसे मार डाला। इस घटना के बाद लोगों में बहुत गुस्सा था और लोग दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे थे। बच्ची 24 दिसंबर को कोलसेवाड़ी इलाके से गायब हो गई थी। बाद में उसकी बॉडी बापगांव गांव में मिली थी, जो ठाणे रूरल पुलिस के इलाके में आता है। कोलसेवाड़ी पुलिस ने जब जांच की तो गावली और उसकी पत्नी साक्षी को गिरफ्तार किया गया। उन पर किडनैपिंग, रेप, मर्डर, सबूत मिटाने और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे।

पुलिस ने दाखिल की थी 948 पेज की चार्जशीट

फरवरी में कल्याण पुलिस ने इस मामले में 948 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने पहले एक बयान में कहा था कि विशाल गावली ने लड़की के साथ रेप किया और उसे मार डाला, जबकि साक्षी ने बॉडी को बापगांव में फेंकने में उसकी मदद की। इस पूरे मामले ने लोगों को हिला कर रख दिया था।

महायुति में रार के बीच अजित पवार गुट के नेता सुनील तटकरे के घर अमित शाह का लंच

- अमित शाह का रायगढ़ में एनसीपी नेता के घर दोपहर का भोजन
- एनसीपी और शिवसेना के बीच पालक मंत्री पद को लेकर खींचतान
- सुनील तटकरे के घर नहीं पहुंचे अजित गुट के दूसरे नेता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इन दिनों महाराष्ट्र के दो दिन के दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने रायगढ़ में एनसीपी के बड़े नेता और राज्य पार्टी प्रमुख सुनील तटकरे के घर पर दोपहर का भोजन किया। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब इखढ के सहयोगी दल- शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी- के बीच कुछ खास मंत्रालयों को लेकर खींचतान चल रही है।इस दोपहर के भोजन का राजनीतिक महत्व है। रायगढ़ और नासिक जिलों के पालक मंत्री पद को लेकर तनाव बना हुआ है। इस साल की शुरूआत में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने BJP के गिरीश महाजन और ठउढ की अदिति तटकरे (सुनील तटकरे की बेटी) को नासिक और रायगढ़ का पालक मंत्री नियुक्त किया था। लेकिन नियुक्ति की घोषणा के 24 घंटे के भीतर ही इसे रद्द कर दिया गया।

महायुति में क्या खींचतान

शिवसेना रायगढ़ पद की मांग कर रही है। उनका कहना है कि जिले में उनके विधायकों की संख्या ज्यादा है। शिवसेना नासिक में भी अपना प्रतिनिधि चाहती है। ठउढ अपना दावा नहीं छोड़ रही है। इस वजह से गठबंधन में खींचतान मची हुई है। पालक मंत्री का पद जिले के विकास कार्यों की देखरेख करता है। इसलिए हर पार्टी इस पद को पाना चाहती है। इससे पता चलता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

सुनील तटकरे ने क्या कहा

वहीं, एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा, 'यह दौरा इस मुद्दे के लिए नहीं है। शाह एक राष्ट्रीय नेता हैं, और हमने उनका स्वागत करने के लिए दोपहर का भोजन कराया।' उन्होंने कहा कि उन्होंने रायगढ़ जिले के शिवसेना नेताओं को भी दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन मुझे नहीं पता कि वे क्यों नहीं आए।

संजय राउत का निशाना

इस बीच, शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री यह तय नहीं कर पाए हैं कि रायगढ़ का कौन है। वे राज्य कैसे चलाएंगे? शिवसेना और इस पद को लेकर आपस में भिड़े हुए हैं। यह मामला तब और बढ़ गया जब महायुति सरकार सत्ता में वापस आई।

पश्चिम रेलवे उधना एवं दानापुर के बीच चलाएगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा चल रही गर्मी की छुट्टियों के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं दानापुर के बीच विशेष किराए पर एक अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैःट्रेन संख्या 09053/09054 उधना - दानापुर अनारक्षित स्पेशल [2 फेरे]ट्रेन संख्या 09053 उधना - दानापुर स्पेशल सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 को उधना से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 दानापुर-उधना स्पेशल मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025 को दानापुर से 16:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22:30 बजे उधना पहुंचेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।यह ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित है तथा इसमें स्लीपर एवं सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

ट्रायल में देरी, लंबे समय से जेल में, जमानत का अधिकार बताते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने रेप के आरोपी को दी बेल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने बलात्कार के आरोपी को जमानत दी
- जमानत के लिए आरोपी ने लंबी कैद और ट्रायल में देरी का हवाला दिया
- कोर्ट ने जेलों की भीड़ और मानवाधिकारों का मुद्दा उठाया

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस मिलिंद जाधव ने एक बलात्कार के आरोपी को जमानत दे दी है। आरोपी पिछले पांच सालों से जेल में था। जेल में रहना परिस्थितियों में बदलाव के बराबर है और इसलिए आरोपी जमानत के लिए कोर्ट में आ सकता है। मामला अभिषेक कुमार सिंह से जुड़ा है।मुंबई पुलिस ने अभिषेक कुमार सिंह को फरवरी 2020 में गिरफ्तार किया था। उस पर बलात्कार, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के आरोप थे। उसने 2020 में अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी।

बार-बार याचिका हुआ खारिज

2021 में उसने फिर से याचिका दायर की, जिसे बॉम्बे हाई कोर्ट ने 'परिस्थिति में कोई बदलाव नहीं' बताते हुए खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भी अप्रैल 2023 में HC के फैसले में दखल नहीं दिया। पिछले साल, उसने सत्र न्यायालय में फिर से जमानत के लिए अर्जी दी, लेकिन वह असफल रहा। इसके बाद उसने बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबी कैद और जल्द ट्रायल पूरा होने के कोई आसार न दिखने के आधार पर याचिका दायर की।

आरोप तय करने में हुई देरी

सरकारी वकील मेघा बजोरिया और पहले शिकायतकर्ता के लिए कानूनी सहायता से नियुक्त वकील तन्मय भावे ने देरी का कारण सिंह के व्यवहार को बताया। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट में पिछली दो सुनवाई में बचाव पक्ष के वकील के न होने से आरोप तय करने में देरी हुई। आरोप तय करना ट्रायल से पहले का आखिरी कदम होता है। उसके वकील प्रशांत पांडे और दिनेश जाधवानी ने अभियोजन पक्ष के दावे का विरोध किया। उन्होंने ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि पिछली 70 सुनवाई में से 68 में सिंह को पेश नहीं किया गया।

शरद पवार और अजित पवार एक साथ रयात एजुकेशन सोसायटी की बैठक

दोनों नेताओं ने मिलकर शिक्षा और तकनीकी पहल पर चर्चा की

शरद पवार ने 'रयात' पत्रिका की शुरूआत की जानकारी दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/सतारा: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एसपी) प्रमुख शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच राजनीतिक कटुता के बावजूद दोनों नेता अलग-अलग कारणों से एक साथ आते नजर आ रहे हैं। अजित पवार के छोटे बेटे जय पवार की हाल ही में सगाई हुई। शरद पवार भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद शरद पवार शनिवार को सतारा जिले के दौरे पर हैं। अजित पवार रायगढ़ जिले के दौरे पर थे। इस दौरे के बाद अजित पवार ने सतारा जिले का दौरा किया। इसके पीछे भी कारण वही था।

कहां मिले दोनों नेता?

हमारे सहयोगी महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रयात एजुकेशन सोसायटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सतारा में आयोजित की गई। शरद पवार इस बैठक के लिए सतारा में थे। इस बैठक में अजित पवार भी आए। दिलचस्प बात यह है कि इस बैठक में दोनों नेता एक-दूसरे के ठीक बगल वाली कुर्सियों पर बैठे थे। इस बैठक में दोनों नेताओं ने मिलकर फैसले भी लिए हैं। इस बैठक का एक अहम वीडियो सामने आया है। इस वीडियो की इस समय काफी चर्चा हो रही है।

वीडियो में वास्तव में क्या है?

रयात एजुकेशन सोसायटी की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि पिछले साल संस्था की कितनी आय हुई। इस बैठक में अजित पवार से सदस्यों को पिछले साल की आय की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। अजित पवार के पास जो दस्तावेज थे। उनमें इसकी विस्तृत जानकारी थी। लेकिन उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा था। इसके बाद शरद पवार ने उन्हें उन विवरणों को ढूंढने में मदद की। शरद पवार ने उनसे कागजों पर अपनी उंगलियां रखकर पाठ पढ़ने को कहा। इसके बाद अजित पवार ने आंकड़े पढ़े।

शरद पवार की 'एक्स' पर पोस्ट

इस बीच शरद पवार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर करते हुए आज की बैठक की जानकारी दी है। रयात शिक्षण संस्था की प्रबंध परिषद की बैठक आज 'छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय, सातारा' में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन ने 'रयात' पत्रिका शुरू करने का निर्णय लिया।

पुणे के अष्टविनायक गणपति समेत 5 मंदिरों में ड्रेस कोड लागू, देवालय की पवित्रता बनाए रखने को चिंचवड़ देवस्थान का फैसला

- अष्टविनायक दर्शन के लिए लागू हुआ नया ड्रेस कोड
- चिंचवाड़ देवस्थान ने जारी किया सर्कुलर
- भक्तों से पवित्रता का सम्मान करने की अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र के पुणे से एक अहम खबर सामने आ रही है। अब 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। इसके अलावा अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं भी अब समाप्त हो जाएंगी। इस वजह से कई लोग छुट्टियों के दौरान अलग-अलग मंदिरों में जाते हैं। इसी प्रकार अनेक लोग भगवान के दर्शन के लिए ऐरावी जाते हैं। बहुत से लोग अष्टविनायक दर्शन के लिए जाते हैं। अगर आप भी अष्टविनायक के दर्शन की योजना बना रहे हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है। अष्टविनायक गणपति समेत पांच मंदिरों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। चिंचवड़ देवस्थान ट्रस्ट ने पांच मंदिरों के लिए ड्रेस कोड लागू किया है।चिंचवड़ देवस्थान ने जारी किया आदेशचिंचवड़ देवस्थान की ओर से एक सर्कुलर जारी कर इस संबंध में जानकारी दी गई है। 5 मंदिरों के लिए एक ड्रेस कोड लागू किया गया है। इनमें मोरगांव में मोरेश्वर, थेउर में चिंतामणि, सिद्धटेक में सिद्धिविनायक, चिंचवाड़ में मोरया गोसावी संजीवनी मंदिर और खार नारंगी मंदिर। ये सभी पांच मंदिर चिंचवाड़ मंदिर ट्रस्ट के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इसलिए चिंचवाड़ देवस्थान ट्रस्ट ने ड्रेस कोड की घोषणा की है। सर्कुलर में वास्तव में क्या कहा गया है ?सर्कुलर में अपील करते हुए कहा गया है कि चिंचवड़ देवस्थान ट्रस्ट महासाधु श्री मोरया गोसावी महाराज के संजीव समाधि मंदिर और श्री मंगलमूर्ति वाड़ा में पूरी आस्था और भक्ति के साथ दर्शन करने आने वाले सभी भक्तों से विनम्र अनुरोध करता है।

पश्चिम रेलवे

विद्युत कार्य

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **ई-निविदा संख्या:** ईएल-81-30-140-डबूयूए-73 (आर), दिनांक: 09.04.2025 आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थान:** विरार= पुराने जंग लगे एमएस टैंक के बदले 2.25 लाख लीटर आरसीसी ओएच पानी की टंकी के निर्माण के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 15,39,371/- **ईएमडी:** 30,800/-। **जमा करने का समय और तिथि:** 05.05.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने का समय और तिथि:** 05.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं 0037

facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे

मुंबई डिवीजन में 'सभी वाहन भुगतान करें और पार्क करें' का संचालन

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, पार्किंग अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008। कार्य - मुंबई मंडल में 'सभी वाहन भुगतान करें और पार्क करें' का संचालन।

नीलामी सूची संख्या: BCT-PKG-2526-2	ईएमडी-वार्षिक बोली मूल्य का 10%
ई-नीलामी की तिथि: 23.04.2025	ई-नीलामी का समय: 12:00 बजे

क्रमांक	स्टेशन	स्थान	क्षेत्र (वर्ग मीटर)	कार्यकाल
1	सिंधखेड़ा	परिसंचारी क्षेत्र	759	03 Years
2	कांदिवली	पश्चिम	1436.17	03 Years
3	बांद्रा टर्मिनस	नए भवन के पास।	774.00	03 Years

नोट: आगे की जानकारी के लिए, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। साइटों के बारे में जानकारी उपर्युक्त कैटलॉग में लॉट विवरण में उपलब्ध है। 0044

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008।

कार्य - मुम्बई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

नीलामी सूची क्रमांक	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट)
MMCT-ADVT-25-4	28.04.2025 15:00:00

क्रमांक	लॉट संख्या	स्थान/क्षेत्र	दिन	ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय
1	ADVT-BCT-ST-OH-402-25-1 (विज्ञापन - घर से बाहर)	सूरत स्टेशन पर सहारा दरवाजा के पास सड़क किनारे की बाउंड्री वॉल पर दीवार पेंटिंग	1096	28.04.2025 15:30:00
2	ADVT-BCT-NSP-OSN-404-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन पर	नालासोपारा स्टेशन पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन का अधिकार ।	1096	28.04.2025 15:40:00
3	ADVT-BCT-VR-OSN-403-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल))	विरार स्टेशन के थोक विज्ञापन अधिकार 3 वर्ष की अवधि के लिए।	1096	28.04.2025 15:50:00
3	ADVT-BCT-BSR-OSN-405-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल))	वसई स्टेशन के थोक विज्ञापन अधिकार 3 वर्ष की अवधि के लिए।	1096	28.04.2025 16:00:00

नोट: संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है। 0043

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

क्रिकेट विवाद में तलवार लेकर हमला

देवरिया में दो पक्षों में झड़प, पीड़ित परिवार ने दर्ज कराया मुकदमा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, लार थाना क्षेत्र के सुतावर गांव में क्रिकेट खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार और चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित रितेश तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनके भाई अंकित तिवारी और दिनेश यादव के बेटों भानू यादव व रवि यादव के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ। जब वह अपने भाई के साथ दिनेश यादव के घर उलाहना देने गए, तो दिनेश यादव, उनकी पत्नी कलावती देवी और बेटे रवि व भानू यादव ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने तलवार और चाकू से हमला किया। उन्होंने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह दोनों भाई जान बचाकर भागे। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मध्य रेलवे ने तपती गर्मी में बदलापुर के रेल यात्रियों को ए.सी. ट्रेन की दी सौगात

16 अप्रैल से प्रतिदिन सुबह 10:42 बजे यहां से एसी लोकल ट्रेन सीएसटी के लिए रवाना होगी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. बदलापुर रेलवे स्टेशन मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन है। प्रतिदिन यहां से हजारों की संख्या में यात्रीगण उपनगरीय ट्रेनों से सफर करते हैं।मध्य रेलवे के व्यस्त स्टेशनों में इसकी गणना होने लगी है। सुबह और शाम को यहां से ट्रेनों में बैठने में बड़े भीड़भाड़ का सामना करना पड़ता है। रेल विभाग ने यहां के यात्रियों को सुविधा देते हुए 16 अप्रैल से बदलापुर से प्रतिदिन सुबह 10:42 बजे से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए एक नई वातानुकूलित लोकल शुरू ट्रेन प्रारंभ करने की घोषणा की है। बदलापुर के नागरिक भी सुबह के समय वातानुकूलित ट्रेन के सफर का आनंद ले सकेंगे। मध्य रेलवे के बदलापुर रेल

स्थानक से औसतन प्रतिदिन लगभग एक लाख यात्री बदलापुर से मुंबई की ओर तथा बदलापुर से कर्जत तथा खोपोली की ओर यात्रा करते है। यद्यपि एसी ट्रेन की सुविधा पूर्व में प्रदान की गई थी लेकिन इसके किराए की कीमतों की अधिकता के वजह से यहां एसी ट्रेन को यात्रियों की पर्याप्त संख्या न मिल पाने से इस सुविधा को रोक दिया गया था लेकिन अब जनता की मांग पर दुबारा प्रारंभ किया जा रहा है। मध्य रेलवे ने इस संदर्भ में बदलापुर स्टेशन मास्टर कार्यालय को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है। इसके साथ ही बदलापुर रेलवे स्टेशन से ठाणे रेलवे स्टेशन की ओर ओर रात 11:04 बजे की लोकल ट्रेन को भी 16 अप्रैल से एसी लोकल ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। कुलगांव बदलापुर नपा के पूर्व अध्यक्ष राम पातकर ने बदलापुर रेल स्थानक से सुबह के वक्त ऐसी ट्रेन चलाने की सुविधा प्रदान करने के लिए बदलापुर की समस्त जनता की तरफ से मध्य रेल प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी का इजहार किया है।

फास्ट ट्रैक

ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए व्यापारी को राहत

शाहजहांपुर पुलिस ने 1.32 लाख में से 1.06 लाख कराए वापस, कार्रवाई जारी

शाहजहांपुर, एक व्यापारी के साथ हुई ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के मिगार्पुर गांव निवासी विक्रम झाडू व्यापार करते हैं। उन्हें एक फोन कॉल आया, जिसमें व्यापार का प्रलोभन देकर 1 लाख 32 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। ठगी का पता चलते ही पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

साथ ही थाना सेहरामऊ दक्षिणी और साइबर क्राइम थाने को भी सूचित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ठगी की गई राशि को फ्रीज करा दिया। साइबर क्राइम थाने के सहयोग से पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के जरिए न्यायालय के माध्यम से 1 लाख 6 हजार 726 रुपये पीड़ित को वापस दिला दिए हैं। बची हुई राशि को वापस कराने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। पैसे वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

टीएससीटी में नव नियुक्त ब्लॉक पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

4 लाख से अधिक सदस्यों वाली संस्था शिक्षकों और कर्मचारियों की करती है मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बलिया, टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हित में काम करने वाली एक निस्वार्थ संस्था है। रविवार को बलिया के नवानगर स्थित बीआरसी परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के जिला संरक्षक और अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रभाकर तिवारी की विदाई दी गई। साथ ही नव नियुक्त ब्लॉक पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। टीएससीटी के जिला संयोजक सतीश सिंह ने बताया कि संस्था का मूल मंत्र 'सेवा परमो धर्मः' है। जिला संरक्षक प्रभाकर तिवारी ने कहा कि वे शिक्षण कार्य से सेवानिवृत्त होने के बाद भी टीएससीटी से जुड़े रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह संस्था उन परिवारों की मदद करती है, जिनके मुखिया का असमय निधन हो जाता है। प्रदेश में संस्था के चार लाख से अधिक सदस्य

हैं। कार्यक्रम में नवानगर, बेरुआरबारी, पंदह और सीयर ब्लॉक के नए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिला संरक्षक प्रभाकर तिवारी और मंडल पासवर्ड रीसेट प्रभारी संजय कन्नौजिया को विशेष सम्मान दिया गया। जिला प्रवक्ता चन्द्रशेखर पासवान ने कहा कि नई ब्लॉक इकाइयां शिक्षकों और कर्मचारियों की हर संभव मदद करेंगी। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक लालजी यादव ने किया।

हनुमान जयंती के भंडारे में मधुमक्खियों का हमला

अजीतपुर में सुंदरकांड पाठ के दौरान 30 लोग घायल, आग लगाकर काबू पाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, खीरों थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर में हनुमान जयंती समारोह के दौरान एक अप्रत्याशित घटना घटी। सुंदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन में मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में 30 लोग घायल हो गए। मधुमक्खियों के हमले से भंडारे में उपस्थित लोगों में भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए ग्रामीणों ने एक रचनात्मक समाधान निकाला। उन्होंने पास के जंगल में आग लगाकर मधुमक्खियों को वहां से भगा दिया। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया गया। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

प्रेम विवाह के बाद पत्नी की संदिग्ध हालत में मौत

- महिला का फंदे से लटका मिला शव, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सारीपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 28 वर्षीय वंदना मौर्य के रूप में हुई है। वंदना ने 5 साल पहले परिवार की मर्जी के खिलाफ 35 वर्षीय राजू मौर्य से प्रेम विवाह किया था। रविवार सुबह उनका शव घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। शव के गले पर फंदे के निशान पाए गए हैं। ससुराल पक्ष के लोग महिला को तुरंत महराजगंज सीएचसी ले गए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए। मृतका के चाचा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी भतीजी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। मायके पक्ष का दावा है कि यह हत्या का मामला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है।

अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

तिलहर में 312 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद, पुलिस ने हिरासत में लिया

शाहजहांपुर, तिलहर में पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाबूपुर खुर्द उर्फ नगरिया निवासी 27 वर्षीय सुशील कुमार के रूप में हुई है। वह इतवारी लाल का पुत्र है। पुलिस ने सुशील को गांव लखौहा के मार्ग पर संदिग्ध हालात में देखा। तलाशी के दौरान उसके पास से 312 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी राकेश का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

नगर पंचायत लिपिक के घर चोरी

15 तोला सोना, 900 ग्राम चांदी और 60 हजार नकद उड़ाया

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा में नगर पंचायत लिपिक के घर से बड़ी चोरी हुई है। लिपिक सुरेंद्र गंगवार के स्टेशन रोड स्थित मोहल्ला आतिशबाजान के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की वारदात उस समय हुई जब सुरेंद्र गंगवार अपने परिवार के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी में बर्थडे पार्टी में गए हुए थे। चोरों ने मकान की उत्तर दिशा में लगे गेट की फाइबर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। फिर अंदर के दो दरवाजों के ताले तोड़कर अलमारी का लॉकर तोड़ा।

मेडिकल कॉलेज के गार्ड की सड़क हादसे में मौत

परिजनों का आरोप- आधे घंटे तक स्ट्रेचर नहीं मिला, 2 घंटे तक नहीं हुआ इलाज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज में गार्ड के पद पर तैनात 55 वर्षीय उमेश चंद्र पाठक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने साथी दीपक के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। नगरिया के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल उमेश को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर लाया गया। परिजनों का आरोप है कि उमेश को ट्रामा सेंटर के बाहर आधे घंटे तक स्ट्रेचर नहीं मिला। स्ट्रेचर मिलने के बाद भी समय पर उचित इलाज नहीं मिला। करीब दो घंटे बाद उनकी मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि

मेडिकल कॉलेज में बेहतर सुविधाओं का दावा किया जाता है, लेकिन वहां एक स्ट्रेचर भी समय पर उपलब्ध नहीं करवाया गया। हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति दीपक का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं जब इस मामले में राजकीय मेडिकल कालेज का पक्ष जानने के लिए प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि ट्रामा सेंटर में डॉक्टर और पूरा स्टाफ हर समय एक्टिव रहता है। यहां आने वाले हर मरीज का इलाज समय पर किया जाता है। आरोप गलत लगाए जा रहे हैं। फिर इस प्रकरण को दिखवाया जाएगा।

तेज आंधी में छत से गिरे पिता की मौत

बेटी का रिश्ता तय करने दिल्ली से शाहजहांपुर आए थे, सोमवार को होनी थी दिखाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। थाना कलान क्षेत्र के हरेली नेकपुर गांव में दूसरी मंजिल से गिरने से एक पिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय हरिनंदन के रूप में हुई है। हरिनंदन दिल्ली में मजदूरी करते थे। वह अपनी बड़ी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए 15 दिन पहले शाहजहांपुर आए थे। उन्होंने फरुर्खाबाद में एक रिश्ता तय किया था। सोमवार को लड़के वाले बेटी को देखने आने वाले थे। हरिनंदन छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के कारण वह संतुलन खो बैठे और दूसरी मंजिल से सीधे सड़क पर जा गिरे। सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर में बेटी की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

ई-रिक्शा लूट का आरोपी गिरफ्तार

चार बैटरी और मोटरसाइकिल बरामद, एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां पुलिस ने ई-रिक्शा लूट के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की चार बैटरी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। श्लोक कुमार पुवायां-मोहम्मदी रोड पर ई-रिक्शा चलाना सीख रहा था। शुक्ला पेट्रोल पंप के सामने दो मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे ई-रिक्शा लूट लिया था। घटना के गवाह दो सरदारों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अंजन मंडल और अनुज को गिरफ्तार कर लिया था।

दो अन्य आरोपी अमन और एक नाबालिग फरार हो गए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गुलरिया पर्वत नगर निवासी अमन पुत्र रामदीन को गिरफ्तार किया। साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने अमन का मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है। नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने ई-रिक्शा के बैट्रियों को खेत में बने बोरिंग के गड्ढे में छिपा दिया था। उन्होंने गड्ढे को गन्ने की पत्तियों से ढक दिया था।

ससुराल से लौटकर युवक ने की आत्महत्या

शाहजहांपुर में युवक ने खाली मकान में लगाई फांसी, पत्नी बोली- कोई विवाद नहीं था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कांट के जमौर में 24 वर्षीय सोहनलाल ने खाली मकान में फांसी लगाकर जान दे दी। सोहनलाल की शादी एक साल पहले पीलीभीत के बीसलपुर में हुई थी। उनकी पत्नी सरिता एक सप्ताह से मायके में थी। सोहनलाल तीन दिन पहले अपनी ससुराल गए थे और शनिवार की शाम को वापस लौटे थे। परिवार एक अलग मकान में रहता था, जबकि सोहनलाल का मकान खाली रहता था। उन्होंने इसी खाली मकान में अंगौछे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उनकी मां कलावती जब मकान में पहुंची तो उन्हें शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंची पत्नी ने बताया कि तीन दिन पहले सोहन उनके घर आए थे। उन्होंने कहा था कि दो-तीन दिन में वापस आकर ले जाएंगे। पत्नी ने किसी विवाद से इनकार किया है। परिजनों का भी कहना है कि किसी से कोई रंजिश नहीं थी।

हनुमान धाम में निरंजन ज्योति का भव्य स्वागत

शाहजहांपुर में साध्वी बोलीं- भगवान उन्हे भी सद्बुद्धि दें, भक्ति की लाइन पर चलें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, हनुमान धाम में हनुमान जयंती पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में साध्वी निरंजन ज्योति ने शिरकत की। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और भाजपा सांसद अरुण सागर ने उनका स्वागत किया। हनुमान धाम में रामचरितमानस का अखंड पाठ शुक्रवार से शुरू हुआ। शनिवार शाम को इसका समापन हुआ। साध्वी निरंजन ज्योति हर साल इस कार्यक्रम में भाग लेती हैं। इस बार भी वे देर शाम पहुंचीं। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। वृंदावन से आए भजन गायक राधिकेश और कानपुर से आए योगेश तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति दी। साध्वी प्राची ने

भजन गायकों की सराहना की। साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि इस पवित्र स्थान से किसी की आलोचना उचित नहीं है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि भगवान सभी को सद्बुद्धि दें, ताकि सभी भक्ति के मार्ग पर चलें। कार्यक्रम में कई मंत्रियों और पूर्व मंत्रियों के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का ड्रीम प्रोजेक्ट हनुमान धाम हर साल हनुमान जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का गवाह बनता है।

दसवें-संस्कार के बाद दूसरे के नल पर नहाने पर विवाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक परिवार के निजी नल का उपयोग करने को लेकर विवाद हो गया। थाना मिजार्पुर क्षेत्र में दिनेश पाल सिंह के मकान के बाहर की घटना है। कम्मरपुर गांव के शीशराम और उनके परिवार के लोग 5 अप्रैल को दसवें संस्कार के बाद बाल उतरवाने के बाद दिनेश के घर के बाहर लगे नल पर नहाने लगे। दिनेश की मां ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित परिवार ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इससे नाराज होकर आरोपियों ने 7 अप्रैल को फिर से पीड़ित परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी भी दी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

अमेरिकी सरकार का विदेशी नागरिकों को अल्टिमेटम

30 दिन से ज्यादा रहना है तो रजिस्ट्रेशन कराओ, नहीं तो जुमार्ना और जेल दोनों होगी

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट) ने शनिवार को 30 दिनों से ज्यादा तक अमेरिका में रहने वाले विदेशी नागरिकों को सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा है। अगर इन लोगों ने ऐसा नहीं किया तो उनको जुमार्ना और जेल दोनों हो सकता है। सेल्फ डिपोर्ट करो, यूएस में कमाया पैसा अपने पास रखो होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने 'अवैध विदेशियों को संदेश' हेडलाइन से एक पोस्ट में अधिकारियों की मंजूरी के बिना रह रहे विदेशी नागरिकों से खुद को सेल्फ डिपोर्ट करने के लिए कहा है। इसमें ऐसा करने से होने वाले फायदों की लिस्ट भी दी गई है। पोस्ट में कहा गया है, ₹सेल्फ डिपोर्ट सुरक्षित है। अपनी सुविधा के मुताबिक फ्लाइट चुनकर निकलें। अगर आप गैर-आपराधिक अवैध विदेशी के तौर पर सेल्फ डिपोर्ट कर रहे हैं, तो अमेरिका में

कमाए धन को अपने पास रखें। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि सेल्फ डिपोर्ट से भविष्य में वैध तरीके से अमेरिका आने के लिए मौके खुले रहेंगे। अलग कोई इंसान के पास इतना भी पैसा नहीं है कि वो खुद को सेल्फ डिपोर्ट कर सके तो वो सब्सिडी वाली फ्लाइट इस्तेमाल कर सकता है। एच-1बी वीजा वालों को सबसे ज्यादा असर पड़ेगा ट्रम्प सरकार के इस फैसले से सबसे ज्यादा असर उन लोगों र पड़ेगा जो ल-1बी वीजा या स्टूडेंट परमिट पर अमेरिका में रहते हैं। ऐसे मामलों में जहां ल-1बी वीजा वाला कोई व्यक्ति नौकरी खो देता

> डिपार्टमेंट ने राष्ट्रपति ट्रम्प और होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को टैग करते हुए एक्स पर लिखा- अमेरिका में 30 दिनों से ज्यादा समय तक रहने वाले विदेशी नागरिकों को फेडरल सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है, जिसके लिए जुमार्ना और जेल दोनों हो सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प का अवैध विदेशियों के लिए साफ मैसेज है- तुरंत निकल जाओ और सेल्फ डिपोर्ट।

है, लेकिन तय समय के भीतर अमेरिका नहीं छोड़ता है तो उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। 86 हजार से 4.30 लाख रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है डिपार्टमेंट ने कहा कि वक्त रहते अधिकारियों को जानकारी न वाले विदेशियों की जैसी पहचान की जाएगी उन्हें तत्काल अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। अलग किसी को देश छोड़ने का लास्ट मैसेज मिला है और आप उसके बाद भी रुके रहे तो हर दिन 998 डॉलर (86 हजार रुपए) का जुमार्ना लगेगा। अगर आप दावा करने के बाद भी सेल्फ डिपोर्ट नहीं करते हैं तो 1000-5000 डॉलर (86 हजार से 4.30 लाख रुपए) का जुमार्ना लगेगा। अगर सेल्फ डिपोर्ट करने में नाकाम रहते हैं, तो आपको जेल की सजा भी हो सकती है।

ट्रम्प जल्दी ही गोल्ड कार्ड स्कीम शुरू करने वाले हैं ट्रम्प जल्द ही अमेरिकी नागरिकता पाने की ख्वाहिश रखने वाले विदेशी नागरिकों के लिए गोल्ड कार्ड स्कीम शुरू करने वाली है। एक गोल्ड कार्ड की कीमत 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) है। ट्रम्प सरकार 10 लाख गोल्ड कार्ड का टारगेट लेकर चल रही है।

रूस का यूक्रेनी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला

21 लोगों की मौत, सड़क पर शव बिखरे; लगातार दूसरे दिन हवाई हमले जारी

एजेंसी

कीव, रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 2 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी की थी। यूक्रेन

पर शनिवार को रूसी मिसाइल हमले में एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई। भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा- आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया। भारत के साथ खास दोस्ती का दावा करने वाला रूस जानबूझकर भारतीय कंपनियों पर हमले कर रहा है। गोदाम में बुजुर्गों-बच्चों की जरूरी दवाइयां थीं ब्रिटेन में यूक्रेन के राजदूत मार्टिन हैरिस ने भी दावा किया कि रूसी हमलों ने राजधानी कीव में एक प्रमुख फार्मा कंपनी के गोदाम को तबाह कर दिया। हालांकि मार्टिन ने कहा कि यह हमला रूसी ड्रोन्स के जरिए किया गया, न कि मिसाइल से।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- आज सुबह रूसी ड्रोन्स ने कीव में एक प्रमुख फार्मास्यूटिकल गोदाम को पूरी तरह तबाह कर दिया, जिससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए जरूरी दवाइयों का स्टॉक जलकर खाक हो गया। यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ रूस का आतंकी अभियान जारी है। अभी तक भारत और रूस ने कोई बयान नहीं दिया भारतीय और रूसी सरकारों ने अभी तक इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया है। इससे पहले आज, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि यूक्रेन ने एक दिन पहले उसके एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 5 हमले किए है। दो हफ्ते पहले ही रूस और यूक्रेन में समझौता हुआ था,

जिसमें दोनों देश ने तय किया था कि एक दूसरे के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला नहीं करेंगे और ब्लैक-सी में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही जारी रहेगी। इसके साथ ही स्थायी शांति के लिए कोशिश करेंगे। अमेरिका ने इसे लेकर यूक्रेन और रूस से अलग-अलग समझौते किए हैं।

ट्रम्प की हत्या के लिए युवक ने माता-पिता को मारा

घर में गोली मारी, फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना चाहता था; हिटलर से प्रेरित था

एजेंसी

वॉशिंगटन , अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में फेडरल अधिकारियों ने हाल ही में 17 साल के युवक को अपने माता-पिता के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने के लिए यह कदम उठाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों ने कोर्ट में बताया कि निकिता कैसाप नाम का यह युवक राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या करना चाहता था, इसके लिए उसे पैसे और संसाधनों की जरूरत थी। जांचकताओं को उसके पास से कुछ लिखित दस्तावेजों और टेक्स्ट मैसेज मिले हैं, जिनमें राष्ट्रपति की हत्या और अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने के अपील की गई है। वाउकेशा काउंटी अदालत के अनुसार, कैसाप पर 9 आरोप हैं, जिनमें हत्या के दो मामले और शव छिपाने के दो मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन मामले राष्ट्रपति की हत्या, षडयंत्र और मास डिस्ट्रक्शन के हथियारों का इस्तेमाल करने की साजिश के हैं। अभी तक कैसाप के वकीलों ने इस मामले पर मीडिया से कोई बात नहीं की है। ट्रम्प की हत्या से जुड़ा लेटर और तस्वीरें मिलीं आरोपी की मां तातियाना कैसप और उनके सौतेले पिता डोनाल्ड मेयर अपने घर के अंदर गोली लगने से मृत पाए गए। अधिकारियों का मानना है कि उनकी हत्या 11 फरवरी को की गई थी। पुलिस

ने शुरू में कैसाप को अपने सौतेले पिता की एसयूवी चुराने और बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कैसाप के फोन पर 'द ऑर्डर ऑफ नाइन एंगल्स' से जुड़ी सामग्री मिली है, जो हिटलर के नाजी विचारों से प्रेरित चरमपंथी विचार रखने वालों का एक नेटवर्क है। जांचकताओं के मुताबिक, उन्हें राष्ट्रपति की हत्या, बम बनाने और आतंकवादी हमलों से जुड़ा एक लेटर और कुछ तस्वीरों भी मिली हैं। गोरे लोगों को बचाना चाहता था एफबीआई को मिले तीन पेज के दस्तावेज में अमेरिका में राजनीतिक क्रांति लाने और गोरे लोगों को बचाने के लिए ट्रम्प की हत्या की अपील की गई थी। दस्तावेज में हिटलर की तस्वीर के साथ लिखा था- हिटलर की जय हो, श्वेत जाति की जय हो। एफबीआई को उसके फोन से एक तस्वीर और कुछ मैसेज भी मिले, जिसमें ड्रोन का हमला करने के लिए किस तरह इस्तेमाल किया जाएगा, इसकी जानकारी थी। आरोपी के मोबाइल से उसके सौतेले पिता के क्रेडिट और डेबिट कार्ड की तस्वीरें और बैंक अकाउंट यूजर नेम और पासवर्ड भी मिला था। अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने की प्लानिंग थी पिछले महीने निकिता कैसाप के क्लासमेट ने शेरिफ ऑफिस में बताया था कि आरोपी अपने माता-पिता की हत्या करने की प्लानिंग कर रहा है, लेकिन उसके पास बंदूक नहीं है। कैसाप ने अपने क्लासमेट से कहा था कि वह किसी ऐसे इंसान से दोस्ती करेगा जिसके पास बंदूक होगी और उसे चुरा लेगा।

उसने यह भी कहा था कि वह रूस में किसी इंसान के संपर्क में है और वे अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने और ट्रम्प की हत्या करने की योजना बना रहे हैं।

हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस किया

फंड रोकने की धमकी दी थी; आरोप- यहूदी विरोधी नफरत रोकने में नाकाम

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स

ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कॉलरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे।

सांसद चाय की चुस्की ले रहे हैं और राज्य खून से लथपथ है : बीजेपी

बंगाल बीजेपी का यूसुफ पठान और ममता बनर्जी पर तीखा हमला

एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कई इलाकों में हुई हिंसा में एक तरफ तीन लोगों की मौत हो गई है और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी तरफ राज्य सरकार के सांसद यूसुफ पठान अपनी ही दुनिया में खोए हुए हैं। हिंसा के एक दिन बाद, पठान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर चाय पीते हुए अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने रविवार को पठान की पोस्ट को लेकर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर निशाना साधा है। दरअसल, पठान ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आरामदायक दोपहर, अच्छी चाय और शांत माहौल। बस इस पल का आनंद ले रहे हैं।' पठान बहरामपुर से तृणमूल सांसद हैं। उनके जिले के कई हिस्सों में वक्फ एक्ट को लेकर अशांति है। यही वजह है कि उनकी तस्वीरों पर विवाद खड़ा हो गया। पठान की पोस्ट को लेकर बंगाल बीजेपी ने ममता बनर्जी और उनकी

> पठान की पोस्ट को लेकर बंगाल 'बीजेपी ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। बंगाल बीजेपी ने एक्स हैंडल पर घिबली स्टाइल की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मालदा-मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की हत्या हो रही है और टीएमसी के यूसुफ पठान चाय के साथ ऐसे पोज दे रहे हैं जैसे छुट्टी मना रहे हों। सांसद चाय पी रहे हैं और राज्य खून से लथपथ है।'

पार्टी पर तीखा हमला बोला है। बंगाल बीजेपी ने एक्स हैंडल पर घिबली स्टाइल की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मालदा-मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की हत्या हो रही है और टीएमसी के यूसुफ पठान चाय के साथ ऐसे पोज दे रहे हैं जैसे छुट्टी मना रहे हों। ये है ममता का बंगाल - जहां आयातित सांसद चाय पी रहे हैं और राज्य खून से लथपथ है। अपमान काफी नहीं है। ये दिनदहाड़े विश्वासघात है।' इस तस्वीर में ममता और पठान जलते बंगाल में खड़े होकर चाय पी रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में ममता चाय पीते हुए और टीवी पर जलते बंगाल की खबरें देखते हुए नजर आ रही हैं।

17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट, राजस्थान में 2 की मौत

> यूपी में अगले 24 घंटे तक 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 24 जिलों में बारिश की संभावना है।

एजेंसी

नई दिल्ली , मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है। राजस्थान में शनिवार को बिजली-आंधी से 2 लोगों की मौत हो गई है। बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। वहीं, सिरोही में शुक्रवार देर रात तेज आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक महिला की जान चली गई। मौसम

एमपी-यूपी समेत 6 राज्यों में 2 दिन बाद हीटवेव की चेतावनी

विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलने का अनुमान है। इस दौरान तापमान 40 डिग्री पार पहुंच सकता है।

अगले 2 दिन मौसम का हाल

उत्तराखंड, यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेशः उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में बिजली-गरज के साथ बारिश का अलर्ट है। पहाड़ी राज्यों में ओले गिरने की संभावना है।

राजस्थानः 14 और 15 अप्रैल में पश्चिम राजस्थान के इलाकों में हीटवेव के आसार है।

महाराष्ट्रः मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटा रहेगी।

अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, असम, मेघालयः 15 अप्रैल तक भारी बारिश का अलर्ट जारी है। तेज हवाएं चल सकती हैं।

तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेशः गरज, बिजल और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है। दिल्ली में शुक्रवार देर शाम चली धूलभरी आंधी की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स ऑपरेशन में देरी हुई थी। ये हालात शनिवार दोपहर तक बने रहे थे। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, शनिवार शाम तक 450 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुईं थीं। 18 फ्लाइट्स कैंसिल की गईं थीं। रूट भी बदले गए। फ्लाइट ऑपरेशन में औसत देरी 50 मिनट से ज्यादा थी। फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित होने के चलते एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में यात्री जमा हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। यात्रियों को लंबा इंतजार और बार-बार चेकिंग जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। दिल्ली एयरपोर्ट पर अब केवल तीन रनवे ही चालू हैं क्योंकि एक रनवे रखरखाव कार्यों के लिए बंद है।

आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त हैं अखिलेश यादव : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

> डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा दलितों के सम्मान में सदा समर्पित बीजेपी ने सपाई गुंडों को छठी का दूध याद दिलाकर उसके मंसूबों को विफल कर बहन जी की लाज और जीवन दोनों को बचाया था.

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त होने का आरोप लगाया. मौर्य की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इटावा के मतदाताओं ने ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को लोकसभा भेजा था. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आधा सच बताने की बीमारी से ग्रस्त हैं सपा बहादुर श्री अखिलेश

यादव. उन्होंने कहा कि सच यह है कि 1991 के लोकसभा चुनाव में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अगर इटावा में कांशीराम की मदद की थी तो कांशीराम ने भी जसवंतनगर से बसपा का उम्मीदवार न उतार कर मुलायम सिंह यादव को जिताने में मदद की थी. सपा के गुंडों ने मायावती की आबरू लूटने और हत्या की कोशिश की थी- केशव प्रसाद मौर्यडिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इसी पोस्ट में दावा किया लेकिन इससे बड़ा सपा का काला सच यह है कि दो जून, 1995 को सपा के गुंडों ने लखनऊ के स्टेट गेस्टहाउस में दलितों की सबसे बड़ी नेता बहन सुश्री मायावती की आबरू लूटने और उनकी हत्या की कोशिश की थी.

आतंकी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

राणा की मंजूरी जरूरी; हेडली की मदद करने वाले 'एम्प्लॉई बी' को सामने बिठाकर होगी पूछताछ

> एजेंसी के मुताबिक 'कर्मचारी बी' को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था।

एजेंसी

नई दिल्ली , तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) रविवार को तीसरे दिन पूछताछ करेगी। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। ठकअ पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक 'कर्मचारी बी' का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन

और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईएराणा और 'कर्मचारी बी' को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी।

तहव्वुर ने प्रत्यर्पण रोकने के लिए 33 बीमारियों का हवाला दिया था

भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए राणा ने अमेरिकी विदेश विभाग को 21 जनवरी को लेटर लिखा था, जिसमें 33 बीमारियों और भारत में टॉर्चर का हवाला दिया गया था। उसके वकील ने लिखा था कि राणा को पार्किंसन्स, दिल की बीमारी, किडनी खराबी, अस्थमा, टीबी और ब्लैडर कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियां हैं। साथ ही उसने दावा किया था कि राणा को भारत में मुस्लिम और पाकिस्तानी मूल का होने की वजह से प्रताड़ना झेलनी पड़ सकती है, लेकिन अमेरिकी विदेश विभाग ने 11 फरवरी को जवाब देते हुए इन दावों को खारिज किया और कहा कि प्रत्यर्पण सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार होगा। राणा को एनआईए मुख्यालय, लोधी रोड में हाई-सिक्योरिटी ग्राउंड फ्लोर की 14ध्14 फीट की सेल में रखा गया है। वह सुसाइड वॉच पर है और उस पर 24 घंटे गार्ड्स और सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। उसे केवल सॉफ्ट टिप पेन ही दिया गया है, जिससे वह खुद को नुकसान न पहुंचा सके।

संक्षेप

शराब के ठेके पर ओवररेटिंग का विवाद

अमरोहा में युवक की हत्या, पिता-ताऊ पर भी हमला; मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अमरोहा, गजरौला गांव फौंदापुर में शराब की दुकान के पास 27 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान योगेश के रूप में हुई है। घटना शराब की दुकान पर ओवररेटिंग के विवाद से शुरू हुई। दोपहर में योगेश और वारसाबाद गांव के राजवीर के बीच कहासुनी हुई थी। हालांकि, उस समय मामला शांत हो गया था। बाद में राजवीर का भाई मनोज अपने साथियों के साथ योगेश को खोजने लगा। उन्होंने योगेश के छोटे भाई प्रशांत को गजरौला रेलवे स्टेशन पर घेरकर मारपीट की। रात में फैसले की बात कहकर योगेश को बुलाया गया। योगेश अपने पिता जहिंद्र और ताऊ नरेश के साथ शराब के ठेके के पास पहुंचा। वहां एक कार उनके पीछे लग गई। उन्होंने अपनी बाइक दरियापुर गांव की ओर मोड़ी। आरोपियों ने पहले बाइक को टक्कर मारी, जिससे नरेश सड़क पर गिर गए। फिर दूसरी टक्कर में योगेश और उनके पिता भी गिर गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मृतक के पिता ने दो सगे भाइयों समेत छह लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

घर में गैस सिलेंडर फटा

खाना बनाते वक्त हुआ हादसा, एक युवक झुलसा; लाखों का नुकसान

अमरोहा, नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छेवड़ा में गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। नरेश के घर में बच्चों द्वारा खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में 25 वर्षीय कपिल आग की चपेट में आ गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। आग इतनी भीषण थी कि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित नरेश ने बताया कि इस हादसे में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कमरे में रखा सभी समान जलकर राख हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पशु क्रूरता का मामला

19 भैंसों से भरा ट्रक पकड़ा, शहडोल से आ रहे 3 आरोपी गिरफ्तार

बांदा, पुलिस ने पशु क्रूरता के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। कालिंजर थाना पुलिस ने चौगलिया चौराहे से एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें 19 भैंसों को क्रूरतापूर्वक भरा गया था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चल रही चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। ट्रक मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के कोतमा से आ रहा था। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कालिंजर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। पशुओं को ट्रक में इस तरह भरा गया था कि उनकी हालत दयनीय थी। वाहन की क्षमता से कहीं अधिक संख्या में पशुओं को लादा गया था। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

दलित युवक की हत्याकर शव जलाया

बगीचे में मिली अधजली डेडबॉडी, मायावती ने लिखा-सामंती तत्वों ने दलित की हत्या कर दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज , एक दलित युवक की हत्या कर शव जला दिया गया। गांव के बाहर बगीचे में उसकी अधजली लाश मिली है। परिवार वालों ने गांव के ही सात लोगों पर जिंदा जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें से 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला करछना थाना क्षेत्र के इसौटा गांव का है। रविवार सुबह घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। दलित युवक की हत्या का मामला सामने आते ही बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने लिखा की सामंती लोगों ने एक दलित की हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि गांव के कुछ लोग गेहूं की मड़ाई के लिए दलित युवक को लेकर गए थे। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवक के घरवालों ने दो घंटे तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस ने समझा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। करछना के इसौटा गांव निवासी दलित अशोक कुमार का बेटा 30 वर्षीय देवी शंकर मजदूरी का काम करता था। उसके तीन बच्चे हैं। एक बेटी काजल और बेटा सूरज, आकाश है। पत्नी की मौत हो चुकी है। मां-बाप का अकेला था। देवी शंकर शनिवार शाम को घर से निकला था। रात भर वह घर नहीं लौटा तो सुबह परिजनों ने तलाश शुरू की। इस बीच ग्रामीणों से पता चला कि एक युवक का अधजला शव बागीचे में पड़ा है। परिजन वहां पहुंचे तो फफक पड़े। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे बगीचे में आग लगी थी रात होने के कारण वहां कोई देखने नहीं गया। सुबह जब लोग पहुंचे तो वहां युवक की जली हुई लाश पड़ी थी। पिता अशोक कुमार ने बताया कि बेटे देवी शंकर को गांव के ही चार युवक बुलाकर ले गए थे। उससे कहा गया था कि गेहूं की मड़ाई का काम करना है। हमने बेटे को उनके साथ जाते हुए देखा था। देर रात तक जब बेटा नहीं लौटा तो हमे लगा मड़ाई में समय लग रहा होगा। इसलिए मैं सो गया सुबह-सुबह गांव वालों का शोर सुनाई दिया तो मैं मौके पर पहुंचा। तो देखा कि मेरे बेटे की लाश अधजली पड़ी हुई थी।

उसे जिंदा जलाकर मार दिया गया। जो लोग उसे लेकर गए थे उन्होंने ही उसे जलाकर मार दिया है। पिता का कहना है कि छुट्टन सिंह और उसके साथियों के साथ देवी शंकर का रूपयों का लेना देना चल रहा था इसी को लेकर पहले भी विवाद हुआ था।

राकेश टिकैत बोले-यूपी की कानून व्यवस्था ध्वस्त

किसान नेता ने कहा-हिंदू मुस्लिम, वक्फ बोर्ड जैसे शब्द हमने बैन कर दिए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराध हो रहे हैं। सरकार जो सजा दूसरों को देती है वही इन मामलों में दे। उन्होंने फतेहपुर में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या, प्रयागराज में युवक की हत्या कर शव जलाने के मामले पर खराब कानून व्यवस्था का हवाला दिया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान यूनियन ने हिंदू-मुस्लिम, वक्फ बोर्ड जैसे शब्दों को बैन कर दिया है। मीडिया जो बुलवाना चाहता है वह हम बैन कर चुके हैं। किसान नेता प्रयागराज के रास्ते फतेहपुर के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि जिस परिवार के तीन लोगों की हत्या हुई वह उस परिवार से मिलेंगे। मुआवजे की मांग के साथ सुरक्षा की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य हत्या करने वालों को भी वही सजा सरकार दे जो दूसरों को देती है।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

- दाहिना हाथ कटा, सिर पर लगी चोट, टूटे मोबाइल से शिनाख्ती का प्रयास

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज और बनी रेलवे स्टेशन के बीच एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। किलोमीटर संख्या 951/27 से 951/29 के बीच हुए इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन मास्टर ने एमआरओ जारी कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि युवक का दाहिना हाथ कट कर अलग हो चुका था। साथ ही सिर का पिछला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। शरीर पर कई अन्य चोटें भी मिलीं। पुलिस को तलाशी के दौरान एक टूटे डिस्प्ले वाला मोबाइल फोन मिला है। पुलिस इसके सिम कार्ड के जरिए मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय के अनुसार शव को पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही अज्ञात युवक की पहचान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पत्नी ने पति को दिया छत से धक्का, मौत

मृतक की मां बोली-तीन बार भागी बहू, बेटे ने फिर भी रखा, पत्नी हिरासत में; कहा- शराबी था मेरा पति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, कांशीराम कॉलोनी में एक पत्नी ने अपने पति को छत से धक्का दे दिया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे डेड घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया है। पत्नी ने कहा- पति रोज शराब पीकर आता था। आज भी आया था। वहीं मृतक की मां ने कहा- बहू ने मेरे बेटे को धक्का दे दिया है। वह दो तीन साल से मोबाइल पर किसी से बात करती थी। आए दिन लड़ती रहती थी, वह इससे पहले तीन बार भाग चुकी है। उसी ने मेरे बेटे को मार डाला है। अब जानिए पूरा मामला कोतवाली नगर के काशीराम कॉलोनी अंतर्गत ब्लॉक नंबर 67 में दिलशाद (40) का परिवार निवास करता है। बीती रात दिलशाद ने पत्नी शन्नो से खाना मांगा। उसने खाना देने से मना कर दिया। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। काफी देर तक दोनों में मारपीट होती रही। इसके बाद पत्नी ने उसे छत से धक्का दे दिया। वो छत से नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल तक गए। वहीं मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। बहन ने कहा- मैंने देखा भाभी ने धक्का दिया मृतक की मां भी कॉलोनी में ही किराए के कमरे में रहती है। उसकी बहन सायमा बानो ने बताया- भाई ने भाभी से खाना मांगा। हमने देखा कि भाभी ने उन्हें छज्जे पर से धक्का दे दिया। हमारी भाभी भाई को चाहती नहीं थी, आए दिन लड़ाई करती थी। इसके लिए ये सब कुछ हुआ है। हमारी बहू दो तीन बार पहले भी भाग चुकी है वहीं मृतक की मां कुरैशा ने बताया- हमारी बहू दो तीन साल से मोबाइल पर किसी से बात करती थी।

भेटुआ में ग्रामीण सुविधाओं की दुर्दशा

- 13 साल पुराना बारात घर खंडहर बना, मरम्मत का इंतजार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, भेटुआ विकास खंड की मड़ेरिका ग्राम पंचायत में 2009-10 में बना बारात घर खंडहर में तब्दील हो रहा है। पंचायत की लापरवाही और देखरेख के अभाव में इस सार्वजनिक संपत्ति की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बारात घर की वर्तमान स्थिति दयनीय है। इसकी खिड़कियां और दरवाजे टूट चुके हैं। फर्श में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। शौचालय भी अब उपयोग लायक नहीं रहा है। स्थानीय निवासी अशोक सिंह के अनुसार, कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई यह सुविधा बनने के बाद से ही उपेक्षित रही है। ग्रामीण जीपी सिंह, विनोद कुमार और भगवान बख्श ने बताया कि पानी की सुविधा न होने के बावजूद यह बारात घर गांव के सभी वर्गों के लिए वरदान था। गरीब और सम्पन्न दोनों परिवार यहां बारात की मेजबानी कर पाते थे। लेकिन अब उचित रखरखाव के अभाव में गांव इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित होने की कगार पर है। इस मामले में भेटुआ के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) गुलाब चन्द्र ने स्थिति की जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि पंचायत सचिव को जल्द से जल्द बारात घर की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए जाएंगे।

ट्यूबबेल के सोलर पैनल चोरी का खुलासा

2 आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद; 9 अप्रैल की थी चोरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी पुलिस ने सोलर पैनल चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। शिवरतनगंज थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी का सामान और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 12 अप्रैल 2025 को प्रभारी निरीक्षक शिवरतनगंज सच्चिदानंद राय और उनकी टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा। 22 वर्षीय शिवा रावत और 27 वर्षीय पवन कुमार को भुलैया का पुरवा मजरे टिकरी के पास से सुबह करीब 6:33 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 9 अप्रैल 2025 की रात बैसनपुरवा गांव के बाहर खेत में लगे ट्यूबवेल के सोलर पैनल की चोरी की थी। चोरी के बाद वे सोलर पैनल को मोटरसाइकिल से ले जाकर छिपा दिए थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सोलर पैनल और घटना में इस्तेमाल की गई हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल को शिवा रावत के घर से बरामद कर लिया। थाना शिवरतनगंज पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। दोनों आरोपी शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

सड़क निर्माण में लापरवाही पर भड़के नगर आयुक्त

अलीगढ़ में 40 करोड़ से चल रहा है सड़क निर्माण, सीएम ग्रिड्स की 3 सड़कों की हुई जांच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, सीएम ग्रिड्स योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों के निर्माण काम में लापरवाही देखकर नगर आयुक्त विनोद कुमार शनिवार को भड़क उठे। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और ठेकेदार को अल्टीमेटम दिया कि दुबारा लापरवाही मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। अलीगढ़ में 40 करोड़ रुपए की लागत से शहर में कई स्थानों पर सड़क निर्माण काम चल रहा है। ऐसे में नगर आयुक्त विनोद कुमार सड़कों का निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने सड़क निर्माण की थिकनेस और लंबाई चौड़ाई की जांच कराई, जिसके जिसमें उन्हें काफी कमियां नजर आई। जिस पर वह भड़क उठे थे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शहरों में विकास के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) चल रही है। जिसके तहत नगर निगम अलीगढ़ पैकेज वन के अंतर्गत रमेश विहार, स्वर्ण जयंती नगर, रामघाट रोड से मीनाक्षी पुल, मैरिस रोड से केला नगर तक सड़क निर्माण करा रहा है। मैसर्स कोनार्क कंस्ट्रक्शन द्वारा यह सारा कम किया जा रहा है। इस सारे प्रोजेक्ट में कुल लागत 40 करोड़ रुपए की आ रही है। इसी विकास कार्य को चेक करने के लिए नगर आयुक्त शनिवार को खुद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। टेक्निकल टीम भी उनके साथ गई थी और बारीकियां जांची। उन्होंने धीमी गति से काम होता पाया, जिस पर नाराजगी जताई। सड़क निर्माण काम के साथ ही सीएम ग्रिड्स योजना के तहत रामघाट रोड पर नाला निर्माण का काम भी किया जा रहा है। पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 17 करोड़ 47 लाख की लागत से वार्ड 33, 49, 53, 74, 82 में रामघाट रोड पर मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड क्वार्सी थाने तक सड़क नाला, फुटपाथ निर्माण हो रहा है। इस काम का भी निरीक्षण किया गया।कोनार्क द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए टाइल्स उखाड़ने का काम किया जा रहा था। मौके पर नगर आयुक्त ने रामघाट रोड पर यातायात की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, सड़क चौड़ीकरण के लिए टाइल्स उखाड़ने के काम को रात में करने के निर्देश दिए।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मथुरा में ली प्रतिज्ञा

श्री कृष्ण जन्मभूमि का निर्णय न होने तक नहीं जाऊंगा बांके बिहारी, कैबिनेट मंत्री से जताई नाराजगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी ने मथुरा के वृंदावन में अपनी दो प्रतिज्ञा दोहराई। उन्होंने कहा जब तक श्री कृष्ण जन्मभूमि का निर्णय नहीं होता है तब तक वह बांके बिहारी जी के दर्शन करने नहीं जाएंगे। इसके अलावा जब तक यमुना शुद्ध और अविरल नहीं होती वह कोटवन में कथा नहीं करेंगे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी वृंदावन में आयोजित अपने शिष्य आचार्य रामचंद्र दास के चादर पेशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हुए थे। जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य जी के शिष्य और तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास को वृंदावन स्थित छत्तीसगढ़ कुंज का महंत बनाया गया। प्रमुख साधु संतों की मौजूदगी में आचार्य रामचंद्र दास को महंताई की चादर ओढ़ाई गई। इस अवसर पर जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य का अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतो का विशाल समागम देखने को मिला था। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कोटवन में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के द्वारा राम कथा करने का निवेदन किया। इसके उत्तर में महाराज श्री द्वारा सीधा कहा गया कि जब तक यमुना जी शुद्ध नहीं हो जाती तब तक वह वहां कथा नहीं करेंगे।

कोसी में दो दुकानों से चोरी का खुलासा

नशे की लत के लिए चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, कोसीकलां में पुलिस ने दो दुकानों में हुई चोरी का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस को ईदगाह तिराहे के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना मिली थी। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने सरायशाही में विष्णु अग्रवाल और मुख्य बाजार में ओमप्रकाश बिसारती की दुकान से चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान होडल हरियाणा निवासी कल्लू उर्फ कुंवरपाल और होडल के नया नगला निवासी अरुण के रूप में हुई है। सीओ आशीष शर्मा के अनुसार, आरोपियों ने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

भाजपा का गांव चलो अभियान

राज्यमंत्री ने बूथ कमेटी के साथ की बैठक, बोले- मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर हो रहा भारत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, तिलोई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छीछा में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'गांव चलो अभियान' के तहत बूथ संख्या 197 पर आयोजित इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और मतदाता जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई। आगामी चुनाव की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्थानीय कार्यकताओं ने अपने अनुभव साझा किए और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं से संगठन के प्रति निष्ठा और सेवा भावना से काम करने का आह्वान किया गया।

स्वामी,प्रकाशक मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी माहपे नवी मुंबई ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी